Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 97 | बुधवार , 09 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रूपया

## वक्फ कानून पर पीएम मोदी ने कांग्रेस को दिया करारा जवाब


# 'महिला हो या बच्चा सबके हक होंगे महफूज'

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम सामाजिक न्याय की दिशा में उनकी सरकार का एक और बड़ा ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि 2013 में पूर्ववर्ती कानून भू-माफिया और मुस्लिम कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए बनाया गया था।

एक निजी चैनल के कार्यक्रम में मोदी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि संसद में इस मुद्दे पर बहस में तुष्टीकरण की राजनीति की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि 1947 में देश के विभाजन के पीछे भी यही रवैया था, जब कुछ कांग्रेस नेताओं ने कट्टरपंथी विचार को बढ़ावा दिया। हालांकि, आम मुसलमानों द्वारा इस विचार को तरजीह नहीं दी गई थी।

'तेज विकास के लिए शांति, स्थिरता और सुरक्षा जरूरी'



शाहबानो मामले का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि आम मुसलमानों और उनमें गरीब तथा पिछड़े लोगों को केवल उपेक्षा, शिक्षा की कमी और बेरोजगारी मिली, जबकि कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों की बलि दी गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार द्वारा 2013 में लागू किये गये वक्फ कानून से यह भ्रम पैदा हो गया कि यह कानून संविधान से ऊपर है। उन्होंने अपनी बात रखने के लिए केरल में ईसाई संपत्तियों, हरियाणा में गुरुद्वारा संपत्तियों और कर्नाटक में किसानों की जमीन के अलावा सरकारी संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड के कथित दावों का हवाला दिया। मोदी ने कहा कि कानून न्याय के लिए था, लेकिन यह डर का स्त्रोत बन गया। उन्होंने कहा कि संशोधित कानून समाज और मुस्लिम समुदाय के हित में है। उन्होंने संसद को शानदार कानून बनाने के लिए बधाई दी, जिस पर संसदीय इतिहास में दूसरी सबसे लंबी बहस हुई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने इस साल के पहले 100 दिनों में अपनी नीतियों से संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं। भारत अब न तो झुकने वाला है और न ही रुकने वाला है। उन्होंने कहा कि शांति, स्थिरता और सुरक्षा - तेज विकास के लिए ये बहुत जरूरी शर्तें हैं। हमारी सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद पर लगाम लगाई है। सरकार ने जम्मू-कश्मीर में मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता दिखाई है। जो लोग सोचते थे कि भारत "धीमी और स्थिर" गति से आगे बढ़ेगा, वे "तेज और निडर" भारत देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं की आकांक्षाएं उनकी सरकार के फैसलों में झलकती हैं, जिसने भविष्य के लिए मजबूत नींव भी रखी है।

## यूक्रेन में रूस के लिए लड़ते हुए पकड़े गए चीनी नागरिक

**कीव।**



बौखलाए जेलेंस्की बोले- पुतिन युद्ध खत्म करना नहीं चाहते

रूस की सेना के साथ यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल दो चीनी नागरिकों को यूक्रेनी सेना ने पकड़ा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि पकड़े गए चीनी नागरिकों के पास पहचान पत्र, बैंक के कार्ड और निजी जानकारी भी मिली है। यूक्रेन के पास रूसी सेना में इन दो लोगों के अलावा, कई और चीनी नागरिकों के होने की सूचना है। इस मामले में यूक्रेन ने चीन के राजनयिक को तलब किया है। जेलेंस्की एक्स पर एक वीडियो साझा कर मंगलवार को कहा कि इससे तीन साल पुराने युद्ध में शांति प्रयासों को खतरा पैदा हो सकता है। बीजिंग मॉस्को का करीबी सहयोगी है, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं था कि क्रेमलिन के आक्रमण का प्रत्यक्ष रूप से सहायता कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को बीजिंग से प्रतिक्रिया प्राप्त करने का आदेश दिया है।

## महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा और दुष्कर्म के खतरे को कम करने के लिए लोगों की सोच बदलनी होगी क्योंकि ये खतरा शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में सब जगह है। इसके लिए सर्वोच्च अदालत ने शिक्षा में बदलाव के साथ ही शिक्षा प्रणाली से दूर और बाहर हो चुके लोगों को सुधारने के लिए केंद्र सरकार को उचित उपाय करने को कहा है।

## नाइट क्लब में पार्टी कर रहे थे लोग, तभी भरभराकर की गिरी छत



**सैंटो डोमिंगो।**

66 लोगों की मौत और 155 घायल

डोमिनिकन रिपब्लिकन में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां नाइट क्लब की छत ढहने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई और 155 लोग घायल हो गए। मरने वालों में गवर्नर और पूर्व एमएलबी खिलाड़ी शामिल हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि डोमिनिकन रिपब्लिक की राजधानी में हादसे में एक लोकप्रिय गायक, एक प्रांतीय गवर्नर और पूर्व मेजर लीग बेसबॉल पिचर ऑक्टेवियो डोटेल भी मारे गए। आपातकालीन दल अभी भी नाइट क्लब के मलबे से बचे हुए लोगों को निकालने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि पीड़ितों के परिवार अपने प्रियजनों की तलाश में घटनास्थल पर एकत्र हुए हैं। राष्ट्रपति के प्रवक्ता होमेरो फिगेरोआ ने दोपहर के बयान में कहा कि आपातकालीन दल की क्षमता बढ़ा दी गई है क्योंकि ₹मलबे को हटाने और खोज प्रयासों को जारी रखने के लिए अधिक भारी उपकरणों का उपयोग किया गया है। डोमिनिकन रिपब्लिक के आपातकालीन संचालन केंद्र के प्रमुख जुआन मैनुअल मेंडेज ने मंगलवार को पहले कहा कि ढहने के समय क्लब के अंदर लोगों की सही संख्या अभी भी स्पष्ट नहीं है। यह दुर्घटना डोमिनिकन गायक रूबी पेरेज के संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई, जो मरने वालों में से एक था, ऐसा उनके मैनेजर और घटनास्थल के पास मौजूद परिवार के सदस्यों ने बताया।

## सैफ पर हमला मामले में पुलिस ने दाखिल की 1000 पन्नों की चार्जशीट



**नई दिल्ली।**

सैफ अली खान पर इस साल जनवरी में उनके मुंबई के बांद्रा स्थित घर में एक हमलावर ने चाकू से वार किए। इस मामले में पुलिस को आरोपी के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हुए हमले की घटना मामले में पुलिस को आरोपी के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। एक्टर पर इस साल जनवरी में उनके मुंबई के बांद्रा स्थित घर में एक हमलावर ने चाकू से वार किए। इस मामले में पुलिस को आरोपी शरीफुल इस्लाम के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। पुलिस ने 1000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'मुंबई की बांद्रा पुलिस ने इस मामले में बांद्रा कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में गिरफ्तार आरोपी शरीफुल इस्लाम के खिलाफ पुलिस को मिले कई सबूत शामिल हैं। यह चार्जशीट 1000 पन्नों से भी अधिक की है। इस चार्जशीट में फॉरेंसिक लैब की रिपोर्ट का भी जिक्र किया गया है'। आरोपी शरीफ को जनवरी में अभिनेता सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर में घुसकर कथित तौर पर चाकू घोंपने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### क्राइम सीन से मिले अहम सबूत

मुंबई पुलिस के मुताबिक, 'चार्जशीट में बताया गया है कि क्राइम सीन पर सैफ अली खान के शरीर से और आरोपी के शरीर से मिले चाकू के टुकड़े एक ही चाकू के तीन टुकड़े हैं। साथ ही जांच के दौरान पुलिस को मिले आरोपी के बाएं हाथ के फिंगरप्रिंट रिपोर्ट का भी जिक्र किया गया है'।

## वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा

**कोलकाता।**

केंद्र के नए वक्फ संशोधन विधेयक को वापस लेने की मांग को लेकर बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार को मुस्लिम संगठनों का विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। जंगीपुर इलाके में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच दोपहर में हिंसक झड़प हो गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

उपद्रवियों की भीड़ ने पुलिस पर हमले के साथ कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इसमें पुलिस की कई गाडि ?ां शामिल है। भीड़ ने पुलिस की गाडियों में जमकर तोडफोड़ मचाई और पथराव किया। प्रदर्शनकारियों ने चार घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को अवरुद्ध रखा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल के साथ रैफ को उतारना पड़ा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेडे के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। घटना से क्षेत्र से व्यापक तनाव है। मिली जानकारी के अनुसार, मुस्लिम समुदाय द्वारा जंगीपुर पीडब्ल्यूडी मैदान से वक्फ बिल वापस लेने की मांग को लेकर विरोध मार्च निकाला गया था।



राष्ट्रीय राजमार्ग–12 को जाम करने के इरादे से जैसे ही ये मार्च जंगीपुर से उमरपुर की ओर बढ़ा, पुलिस ने उन्हें रोका। इसी के बाद पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई। भीड़ ने पुलिस की कई गाडियों में आग लगा दी। साथ ही बनियापुर और उमरपुर इलाकों में कई घरों में भी तोडफोड़ की खबर है।

## साबरमती आश्रम में चिदंबरम बेहोश हुए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम मंगलवार को अहमदाबाद के साबरमती आश्रम में बेहोश हो गए और जिसके बाद उनको अस्पताल भर्ती किया गया। सूत्रों ने बताया कि संभवतः वह दिनभर की व्यस्तता के बाद गर्मी के कारण बेहोश हो गए। 79 वर्षीय पूर्व वित्त मंत्री के बेटे कार्ति ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उनके पिता ठीक हैं और डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं।

## अमेरिका ने 9 लाख प्रवासियों का परमिट रद्द किया

**वाशिंगटन।**

ट्रंप प्रशासन ने 6,00,000 वेनेजुएलावासियों और लगभग 5,00,00 हैतीवासियों के लिए अस्थायी संरक्षित दर्जे (टीपीएस) को समाप्त करने की भी घोषणा की है। हालांकि एक संघीय न्यायाधीश ने अस्थायी रूप से इसे रोक दिया है, जिसमें लगभग 3,50,000 वेनेजुएलावासी शामिल हैं, जिनका सोमवार को ही टीपीएस दर्जा खत्म होना था। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक साथ नौ लाख प्रवासियों को बड़ा झटका दिया है। बाइडन प्रशासन के समय शुरू की गई सीबीपी वन एप नीति के तहत ये प्रवासी अमेरिका आए थे। ट्रंप प्रशासन ने इस नीति को पलटते हुए इन प्रवासियों के लीगल परमिट रद्द कर दिया है और इनसे तत्काल अमेरिका छोड़कर जाने को कहा गया है। इसमें किसी भारतीय के शामिल होने की अब तक कोई सूचना नहीं है। जनवरी 2023 से पिछले साल दिसंबर तक सीबीपी वन एप का उपयोग करके मेक्सिको की सीमा से 936,500 लोग अमेरिका में घुसे थे। इन्हें पैरोल नामक राष्ट्रपति के अधिकार के तहत काम करने के अधिकार के साथ दो साल तक अमेरिका में रहने की अनुमति मिली थी।



## एक बार फिर तापमान ने 1.5 डिग्री की अलर्ट लाइन को किया पार



**नई दिल्ली।**

लगातार बढ़ते पारे के साथ ही पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन का खतरा और बढता जा रहा है। इसकी बानगी तापमान में हो रही बढ़ोतरी से साफ दिखती है। वहीं, मार्च में एक बार फिर तापमान ने 1.5 डिग्री की चेतावनी रेखा को पार किया। यूरोपीय संस्था कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) ने तो अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि बीता मार्च जलवायु इतिहास का दूसरा सबसे गर्म रहा मार्च रहा। इस दौरान तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। लगातार बढ़ते तापमान के बीच मार्च 2025 ने फिर एक गंभीर संकेत दिया है कि पृथ्वी पर जलवायु संकट गहराता जा रहा है। यूरोपीय संस्था कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) की रिपोर्ट में बीता मार्च जलवायु इतिहास का दुनिया का दूसरा सबसे गर्म महीना रहा। इस साल मार्च का वैश्विक औसत तापमान 14.06 डिग्री सेल्सियस रहा, जो औद्योगिक युग से पहले की तुलना में 1.6 डिग्री अधिक था।

## पुर्तगाल के बाद अब स्लोवाकिया के दो दिवसीय दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू

**ब्रातिस्लावा।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने दो देशों के राजकीय दौरे के दूसरे चरण में स्लोवाकिया की यात्रा शुरू की। यह यात्रा 29 साल बाद किसी भारतीय राष्ट्रपति का स्लोवाकिया दौरा है। राष्ट्रपति महत्वपूर्ण बैठकों के अलावा टाटा मोटर्स के जगुआर लैंड रोवर संयंत्र का भी दौरा करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दो देशों के राजकीय दौरे के दूसरे चरण में बुधवार को स्लोवाकिया की यात्रा शुरू की। मुर्मू स्लोवाकिया जाने वाली भारत की दूसरी राष्ट्रपति बन गई हैं। पुर्तगाल का दौरा खत्म करने के बाद वह वियना पहुंचीं और वहां से सड़क मार्ग से ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया की राजधानी) पहुंचीं। यह यात्रा उन्होंने रात के समय की। स्लोवाकिया के दो दिवसीय दौरे के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू कई महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होंगी। वह स्लोवाक राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी, प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको और राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष रिचर्ड रासी से मुलाकात करेंगी। 29 साल बाद यह पहला मौका है, जब कोई भारतीय राष्ट्रपति स्लोवाकिया आया है।

महात्मा गांधी के कामों का स्लोवाक भाषा में अनुवाद किया गया है। स्लोवाकिया ने 2022 में यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकालने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की थी। भारत और स्लोवाकिया के संबंध भारत–यूरोपीय संघ साझेदारी के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण हैं। 2004 में जब स्लोवाकिया ने यूरोपीय संघ में प्रवेश किया, तब भारत और यूरोपीय संघ ने अपनी रणनीतिक साझेदारी शुरू की थी। स्लोवाकिया में भारत की कंपनियों ने कई क्षेत्रों में निवेश किया है, जिनमें ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग और आईटी प्रमुख हैं। भारत और स्लोवाकिया के बीच लंबे समय से रक्षा संबंध भी मजबूत हैं।



## संपादक की कलम से

# कचरे से दूर

कचरे से दूर रहने की कोशिश में अब व्यावसायिक वाहनों के पेट में डस्टबिन होगा। हिमाचल सरकार ने अपनी पर्यावरणीय व स्वच्छता की फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए तय किया है कि तमाम व्यावसायिक वाहन डस्टबिन की व्यवस्था करते हुए, कचरे को ठिकाने लगाएं।




ललित शर्मा
संपादक


हमने कुछ समय पूर्व पर्यटक बसों के ठहराव पर निष्पादित कूड़े का जिक्र किया था और प्रसन्नता यह कि सरकार ने संज्ञान लेते हुए, इसे कानूनी व्यवस्था का पहलू बनाया है। कचरे से दूर रहने का यह एक कदम हो सकता है, लेकिन पर्यटन सीजन का कचरा इससे भी कहीं अधिक और गंभीर स्थिति पेश कर रहा है। सार्वजनिक कचरे के प्रबंधन के साथ-साथ नागरिक व्यवहार में परिवर्तन लाने की जरूरत है। खास तौर पर फास्ट फूड के ऑनलाइन आर्डर तथा टेक अवे प्वाइंट्स से हाईवे टूरिज्म का बदलता अंदाज सडकों पर गंदगी का सामान छोड़ रहा है। पर्यटक व धार्मिक स्थलों के अलावा हाईवे टूरिज्म के दृष्टिगत डस्टबिन सुविधा का प्रसार चाहिए। परिवहन और पर्यटन क्षेत्र में कूड़ा-कचरा प्रबंधन एक अलग सोच व संस्कृति का प्रसार भी है। सर्वप्रथम खानपान के स्थलों को सुविधाजनक व जरूरत के अनुरूप विकसित करने की योजनाएं बननी चाहिएं। इसके अलावा पर्यटक डेस्टिनेशन, ट्रैकिंग रूट्स व प्राकृतिक स्थलों के आसपास स्वच्छता के नए मानदंड अमल में आने चाहिएं। शुरूआत सार्वजनिक जीवन से होनी चाहिए। क्या हमारे बस स्टैंड इस काबिल हैं कि यात्री गंदगी से बचकर निकल सकते हैं। व्यावसायिक वाहन जिस बस स्टैंड या स्टॉप से होकर गुजरते हैं, वहां भी तो सफाई का आदर्श माहौल होना चाहिए। सरकारी दफ्तरों की स्वच्छता का सवाल तो और भी जरूरी है। प्रशासनिक भवनों, न्यायिक परिसरों और सार्वजनिक समारोह के सान्निध्य में गंदगी ने जीना सीख लिया है। सरकारी दफ्तरों में सफाई के मानदंड सबसे खराब और नागरिक के लिए प्रतिकूलता पैदा करते हैं। किसी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान अदालती माहौल में पेशी दर पेशी के बीच नागरिक समाज की मूलभूत सुविधाएं यहां तक हार जाती हैं कि टॉयलेट जैसी सुविधा भी वहां विशेषाधिकार है। वकीलों के चैंबर्स अकसर खुले में स्वच्छता के लिए प्रार्थना करते हैं। जिस मंच से नेताओं के संबोधन, नृत्य-नाटियां और ठुमके लगते हैं, वहां मैदान पर रह जाती हैं कचरे में गिरी-पड़ी यादें। क्या हमने कभी सोचा कि यह जो अब नेताओं की गर्दन को सजाने के लिए फूल उगाते हैं या पुष्पहारों से रौनक बढ़ाते हैं, उनकी परिणति क्या होती है। किस तरह हर दिन कोई वीआईपी फूलों के सैकड़ों हार उतारता है और फिर एक अंधी प्रक्रिया के तहत उन्हें किसी खाई या खड्ड के किनारे छोड़ दिया जाता है। क्यों न हम वीआईपी कल्चर छोड़ दें, पुष्पहारों का इस्तेमाल बंद कर दें। स्वच्छता कानूनों के बजाय आदर्शों की परिपालना है। स्वच्छता के मूल सिद्धांत विकास के साथ भी नत्थी करने होंगे, खास तौर पर हिमाचल की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए ऊपरी क्षेत्रों से नीचे बहती खड्डों और नालों के किनारे पर स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। देखा यह जा रहा है कि नदियों और नालों पर पुलों के ऊपर जालियां लगानी पड़ रही हैं ताकि गंदगी की उड ?तश्तरी सीधे पानी में न पहुंच जाए। शहरों और गांवों की जल निकासी तथा सीवरेज व्यवस्था को अब कैसे रोकेंगे। पहाड़ से बहती गंदगी ने निचले इलाकों की चिंताएं बढ़ा दी हैं, तो शिमला की अश्विन खड्ड के अस्तित्व के लिए शिमला और सोलन की आबादी को जल सभ्यता के पैमाने तय करने पड़ेंगे।

## महावीर जयन्ती- 10 अप्रैल, 2025

# भगवान महावीर: भारतीय संस्कृति का सूरज



ललित गर्ग




प्रत्येक वर्ष हम भगवान महावीर की जन्म-जयन्ती मनाते हैं। महावीर जयन्ती मनाने का अर्थ है महावीर के उपदेशों को जीवन में धारण करने के लिये संकल्पित होना, महावीर बनने की तैयारी करते हुए देश एवं दुनिया में अहिंसा, शांति, करूणा, प्रेम, सह-जीवन को साकार करना। शांतिपपूर्ण, उन्नत एवं संतुलित समाज निर्माण के लिए जरूरी है महावीर के बताये मार्ग पर चलना। सफल एवं सार्थक जीवन के लिये महावीर-सी गुणात्मकता को जन-जन में स्थापित करना। कोरा उपदेश तक महावीर को सीमित न बनाएं, बल्कि महावीर को जीवन का हिस्सा बनाएं, जीवन में ढालें। भगवान महावीर एक युग प्रवर्तक, कालजयी महापुरुष थे। उन्होंने एक क्रांति द्रष्टा के रूप में मानवजाति के हृदय में नवीन चेतना का संचार अपने जीवन-अनुभवों, उपदेशों, शिक्षा और सिद्धांतों के द्वारा किया। भगवान महावीर सामाजिक क्रांति के शिखर पुरुष थे, वे भारतीय संस्कृति का सूरज हैं। महावीर का दर्शन अहिंसा, शांति और समता का ही दर्शन नहीं है बल्कि क्रांति का दर्शन है। व्यक्तिगत एवं समााजिक क्रांति के संदर्भ में उनका जो अवदान है, उसे उजागर करना वर्तमान युग की बड़ी अपेक्षा है। ऐसा करके ही हम दुनिया में युद्ध, हिंसा, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, तनाव को समाप्त कर एक उन्नत, शांतिपूर्ण, स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे।

महावीर जन्म से ही अतीन्द्रिय ज्ञानी थे। उन्होंने कहा तुम जो भी करते हो- अच्छा या बुरा, उसके परिणामों के तुम खुद ही जिम्मेदार हो। अपने ज्ञान से उन्होंने प्राणी मात्र में चैतन्य की धारा प्रवाहित की। अक्सर वे कहा करते थे- सुख-दुख के तुम स्वयं सर्जक हो। भाग्य तुम्हारा हस्ताक्षर है। मां को फूलों से सजते देख धीरे से बोल उठे-मां! देखो ये फूल रो रहे हैं। उन्होंने लहलहाती दूब पर चलने की मां की मनुहार को भी ठुकरा दिया। मां! इस दूर्वा की सिसकियां मेरे प्राणों में सिहरन पैदा कर रही हैं। मैं भला कैसे अपने पैरों से रौंदने का साहस करूं? क्षणिक स्पर्श सुख के लिए किसी को परितापित करना क्या उचित है मां? उनकी करुणा एवं सूक्ष्म अहिंसा के सामने मां मौन थी। मन ही मन अपने लाडले की महानता के सामने नत थी। कभी किसी निरपराध अभावग्रस्त व्यक्ति की दासता उनके कोमल दिल को कचोट जाती तो कहीं अहं और दर्प में मदहोश सत्तासीन व्यक्तियों का निर्दयतापूर्ण क्रूर व्यवहार उनके मृदु मानस को आहत कर देता। महावीर घण्टों-घण्टों तक इन समस्याओं का समाधान पाने चिंतन की डुबकियों में खो जाते। तीस वर्ष की युवावस्था में सहज रूप से प्राप्त सत्ता वैभव और परिवार को सर्प कंचुकीवत छोड़ साधना के दुष्कर मार्ग पर सत्य की उपलब्धि के लिए दृढ़ संकल्प के साथ चल पड़े। साधिक बारह वर्ष तक शरीर को भुला अधिक से अधिक चैतन्य के इर्द-गिर्द आपकी यात्र चलती रही। ध्यान की अतल गहराइयों में डुबकियां लगाते हुए सत्य सूर्य का साक्षात्कार हुआ। वे जिस दिन सर्वज्ञ व सर्वदर्शी बन गये वह पावन दिन था वैशाख शुक्ला दशमी।

महावीर ने आकांक्षाओं के सीमाकरण की बात कही। उन्होंने कहा मूर्च्छा परिग्रह है उसका विवेक करो। आज की समस्या है- पदार्थ और उपभोक्ता के बीच आवश्यकता और उपयोगिता की समझ का अभाव। उपभोक्तावादी संस्कृति महत्वाकांक्षाओं को तेज हवा दे रही है, इसीलिए जिंदगी की भागदौड़ का एक मकसद बन गया है- संग्रह करो, भोग करो। महावीर का दर्शन था खाली रहना। इसीलिए उन्होंने जन-जन के बीच आने से पहले, अपने जीवन के अनुभवों को बांटने से पहले, कठोर तप करने से पहले, स्वयं को अकेला बनाया, खाली बनाया। तप तपा। जीवन का सच जाना। फिर उन्होंने कहा अपने भीतर कुछ भी ऐसा न आने दो जिससे भीतर का संसार प्रदूषित हो। न बुरा देखो, न बुरा न सुना, न बुरा कहो। यही खालीपन का संदेश सुख, शांति, समाधि का मार्ग है। दिन-रात संकल्पों-विकल्पों, सुख-दुख, हर्ष-विषाद से घिरे रहना, कल की चिंता में झुलसना तनाव का भार ढोना, ऐसी स्थिति में भला मन कब कैसे खाली हो सकता है? कैसे संतुलित हो सकता है? कैसे समाधिस्थ हो सकता है? जो आज को जीना सीख लेता है, समझना चाहिए उसने मनुष्य जीवन की सार्थकता को पा लिया है और ऐसे मनुष्यों से बना समाज ही संतुलित हो सकता है, स्वस्थ हो सकता है, समतामूलक हो सकता है।

हर युग की अपनी समस्याएं होती हैं। वर्तमान की भी अपनी समस्याएं हैं। आदमी सदा अपनी समस्या का समाधान खोजता है और खोजता रहा है। तो क्या समस्या भी वर्तमान की और समाधान भी वर्तमान का, यही पर्याप्त है या इसके सिवाय दूसरा भी कोई विकल्प हमारे सामने है? मैंने पढ़ा अमेरिका की एक पत्रिका ह्यटाइम्सह्न में कि अब सिंगापुर, चीन आदि में कंफ्यूशियस को फिर लाया जा रहा है। यानी कि वर्तमान समस्या का समाधान अतीत में खोजने का प्रयत्न किया जा रहा है। हमें महावीर को समझना है तो शाश्वत और अशाश्वत दोनों को समझना होगा। अतीत और वर्तमान, दोनों को समझना होगा। महावीर ने सापेक्षता का दर्शन दिया। हर आदमी एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। न केवल आदमी बल्कि प्रत्येक पदार्थ एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। हमारी विचार-तरंगें, हमारी वाणी की तरंगे, संसार की तरंगों से जुड़ी हुई हैं। सारा विश्व एक शृंखला में जुड़ा हुआ है। इसी आधार पर आचार्य उमास्वामी ने लिखा था-ह्यपरस्परोपग्रहो जीवानाम्ह्न, जीव का स्वभाव है एक-दूसरे का आलंबन बनना, सहारा बनना। यह ह्यस्ट्रंगल फार सरवाइवलह्न या ह्यस्ट्रगल फॉर एक्जिसटेंसह्न वाली बात अहिंसा के क्षेत्र में मान्य नहीं हो सकती। आज की यह विचारधारा बन गई है कि ह्यया मैं या तुमह्न। दोनों साथ नहीं चल सकते। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना इसीलिए हुई कि विरोधी विचारधारा वाले राष्ट्र भी एक साथ रह सकें, विकास कर सकें। डॉ. राधाकृष्णन ने भगवान महावीर के बारे में कहा था-आज यह जो पूरा लोकतंत्र जीया जा रहा है, महावीर के आधार पर जीया जा रहा है। वर्तमान की समस्या के समाधान के लिए हमारी दृष्टि वर्तमान पर ही न रहे, वह पीछे की ओर भी जाए। अतीत में भी हमारी समस्या के बहुत से समाधान छिपे हुए हैं। उनका साक्षात्कार करें। इसी से हमारा नया जन्म होगा।

भगवान महावीर हिंदुस्तान के महान सपूत थे। महावीर की अहिंसा में क्रमिक विकास के लिए अवकाश है। मुनि के लिए उन्होंने अहिंसा के महाव्रत का विधान किया। किंतु गृहस्थ के लिए अहिंसा के अणुव्रत का विधान है। लोकतंत्र की आधारभूमि अहिंसा और अनेकांत है। लोकतंत्र के नायकों में सबको विकास का समान अवसर देने व दूसरों के विचारों के प्रति न्याय करने की भावना प्रबल होने पर ही वह सफल होता है, अन्यथा नहीं। महावीर संयम-प्रधान व्यक्ति थे। वैसे तो संयम भारतीय साधना का सामान्य तत्त्व है। महावीर ने उसे अपनी साधना में मुख्य स्थान दिया था। उन्होंने अहिंसा को इसी संदर्भ में स्वीकार किया कि वस्तुतः अपना संयम करना ही अहिंसा है। महावीर का एक महत्वपूर्ण संदेश है ह्यक्षमाह्न। भगवान महावीर ने कहा कि ह्यखामेमि सव्वे जीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे, मित्ती में सव्व भूएसू, वेर मज्झं न केणईह्न। अर्थात ह्यमैं सभी से क्षमा याचना करता हूं। मुझे सभी क्षमा करें। मेरे लिए सभी प्राणी मित्रवत हैं। मेरा किसी से भी वैर नहीं है। यदि भगवान महावीर की इस शिक्षा को हम व्यावहारिक जीवन में उतारें तो फिर क्रोध एवं अहंकार मिश्रित जो दुर्भावना उत्पन्न होती है और जिसके कारण हम घुट-घुट कर जीते हैं, वह समाप्त हो जाएगी।



सोनिका शुक्ला

कविता

कुछ रोज से ज़िंदगी अजनबी सी लगती है,
जैसे इसका अब मुझसे कोई रिश्ता बाकी नहीं।

जिसे कभी दिल की धड़कन कहा था मैंने,
वो अब पास होकर भी, मेरी सिसकियाँ सुनता नहीं।

कभी वादों की जो चादर बिछाई थी उसने,
अब सर्द रातों में भी, मेरा तन वो ढकता नहीं।

मोहब्बत का नाम मत लो अब मुझसे,
ये खेल है, जिसे कोई दिल से यहां निभाता नहीं।


मैंने तो हर जख्म को मुस्कुरा कर सहा,
पर मेरा सब्र अब कोई आजमाता नहीं।

शिकवे नहीं हैं तुमसे, कोई गिला भी नहीं,
टूटे हुए दिल की अब कोई सदा भी नहीं।

चलो छोड़ दें वो गलियाँ, वो बीते अफसाने,
जहाँ कोई हमारा नहीं, जहां कोई हमें जानता नहीं।

तुम्हें मुबारक हो तुम्हारी ये दुनिया,
हमें भी अब तुमसे कोई वास्ता नहीं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रेसिप्रोकल टैरिफ एक 'खूबसूरत चीज' बताया !



अशोक भाटिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनियाभर में टैरिफ लगाने के बाद मार्केट में भूचाल आया हुआ है। भारत समेत लगभग हर देश की स्टॉक मार्केट धड़ाम हो गई। बात अगर भारत की करें तो यहां सेंसेक्स में 3000 से ज्यादा और निफ्टी में 900 अंक से ज्यादा की गिरावट आई। वहीं ट्रंप ने टैरिफ को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ एक 'खूबसूरत चीज' है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकियों को यह बात 'किसी दिन' समझ जरूर आएगी। वहीं ट्रंप की इस खूबसूरत चीज यानी टैरिफ के कारण सोमवार को भारतीय शेयर मार्केट के निवेशकों को 19 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।


सोमवार बाजार ने अपनी उथल-पुथल के साथ दिखाया कि यह कितना अस्थिर था। यह गिरावट, निश्चित रूप से, सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले का परिणाम है। आयात कर दो चरणों में लागू होंगे. पहला चरण 2 अप्रैल से लागू हुआ था। इसके तहत अमेरिका के साथ कारोबार करने वाले सभी देशों पर 10 प्रतिशत का न्यूनतम आयात शुल्क लगता था। दूसरा चरण 9 अप्रैल से लागू होगा। उस समय, प्रत्येक देश के उत्पादों पर कर लगाया जाएगा क्योंकि वे अमेरिकी बाजार में प्रवेश करते हैं। जैसे, संयुक्त राज्य अमेरिका अब अमेरिकी उत्पादों पर समान कर नहीं लगाएगा क्योंकि ये देश अमेरिकी उत्पादों पर लगाते हैं। इस हास्यास्पद 'जैसा है' नीति की घोषणा के बाद से, अमेरिकी पूंजी बाजार गिर रहा है और निवेशकों को लगभग 6.5 ट्रिलियन डॉलर ( समग्र भारतीय बाजार का संयुक्त मूल्य 4.5 ट्रिलियन डॉलर ) का नुकसान हो रहा है। इस गिरावट को अब भारतीय बाजार द्वारा समर्थित किया गया है, जो ट्रम्प के आगे क्या है, इसका प्रतिबिंब है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के विरोध में अमेरिका में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और एलन मस्क के खिलाफ नारेबाजी की. ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का गुस्सा प्रदर्शनकारियों के नारों में जाहिर हुआ और ट्रंप द्वारा लगाई गई नई टैरिफ बढ़ोतरी आज सचमुच धराशायी हो गई.

ट्रम्प के टैरिफ ने वैश्विक बाजारों में भारी आर्थिक उथल–पुथल पैदा कर दी है, और इसलिए, निवेशक डर या भावना से प्रेरित नहीं हैं। ट्रम्प की टैरिफ योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि लोग इससे कैसे निपटते हैं। वित्तीय बाजार अनिश्चितता से भरा है, इसलिए लोगों को यह पहचानना चाहिए कि स्थिति को स्वीकार करना और बिना किसी तत्काल निर्णय के शांति से निर्णय लेना आज की जिम्मेदारी है। ट्रंप के ट्रेड टैरिफ शेयरों में जो गिरावट आई है, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है . दुनिया को 1929 की वैश्विक मंदी याद आ रही होगी जब अमेरिका में भी ऐसी ही मंदी आई थी और फिर अमेरिका ढह गया था । तब संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति हर्बर्ट हूवर थे। शेयर बाजार ढह गया था और उनके समय में कई लोगों ने आत्महत्या कर ली थी। आज, इस स्थिति के बावजूद, अमेरिका अभी भी उसी दयनीय स्थिति में है। आज, अमेरिकी लोग सड़कों पर हैं और इसके नतीजे पूरी दुनिया में हैं। वहाँ हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में आज के विरोध प्रदर्शन को सबसे बड़ा कहा जाता है, लेकिन ट्रम्प के टैरिफ युद्ध ने एक और गंभीर परिणाम सामने लाया है : वैश्विक अर्थव्यवस्था ने एक हिट लिया है, और यह प्रत्येक देश पर निर्भर है कि दुनिया इससे कैसे उबरेगी। उद्योग में गिरावट आई है और प्रतिशोधी खतरों की लहर चल रही है, जिससे दुनिया भर में प्रतिस्पर्धी माहौल बन रहा है और चीन संयुक्त राज्य अमेरिका पर धमकाने का आरोप लगा रहा है। यूरोपीय संघ ने अमेरिका पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है।

कई लोगों ने नोट किया है कि यह सबसे बड़ा प्रशासन-विरोधी विरोध था, और यह ट्रम्प के टैरिफ युद्ध पर अमेरिकी लोगों के गुस्से को दशार्ता है। ट्रम्प की टैरिफ नीतियां एकमात्र मुद्दा नहीं हैं जिनके लिए उच्च करों की आवश्यकता होती है, लेकिन यह हजारों लोगों की नौकरियों को खर्च करने और उन्हें बेरोजगार बनाने और सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभों को भी खर्च करने वाला है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़ी संख्या में मध्यम आयु वर्ग के और वृद्ध लोग हैं, इसलिए सेवानिवृत्ति लाभों का वहां बहुत महत्व है, लेकिन ट्रम्प के टैरिफ अमेरिकियों को इन लाभों का भुगतान करने के लिए मजबूर करेंगे, इसलिए लोग सड़कों पर ले गए हैं। यदि आप कुछ पाना चाहते हैं, तो आपको कुछ खोना होगा। जापान और ब्रिटेन सहित कई विश्व नेताओं ने ट्रम्प के साथ टैरिफ पर बातचीत की है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प उनकी बात नहीं सुनेंगे। ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ सबसे पहले नेशनल मॉल में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए थे और लहर धीरे-धीरे पूरी दुनिया में फैल रही है।

# रूहानियत में शताब्दी से अधिक सार्थक जीवन जिया राजयोगिनी रतनमोहिनी दादी ने !



डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

ब्रह्माकुमारीज चीफ दादी रतनमोहिनी के शरीर छोड़कर परमात्मा शिव की गोद लेने की खबर जैसे ही 8 अप्रैल की सुबह लगी कि दादी रतनमोहिनी ने 8 अप्रैल शुरू होते ही एक बजकर बिस मिनट पर इस दुनिया को अलविदा कह दिया है ,मेरी आँखों के सामने उनसे हुई कई मुलाकातों के दृश्य घूम गए ।उन्होंने न सिर्फ मेरी कई पुस्तकों का विमोचन किया बल्कि गत वर्ष राजनीतिक विंग के सम्मेलन में उत्तराखंड के राज्य मंत्री स्तर श्यामवीर सैनी को जब दादी रतनमोहिनी से मिलाने उनके आवास पर लेकर गया तो बहुत ही अपनेपन से मिली और आते रहिये कहकर भविष्य में मधुबन आने का निमंत्रण भी दिया ।दादी रतनमोहिनी वास्तव में सौगातो से झोली भर देती थी ।कई बार उनसे बतियाने का मौका मिला तो उन्होंने कैसे वे बाबा के घर आई अपनी दास्तान कुछ यूं सुनाई,दादी रतनमोहिनी ने बताया, ह्यमैं लगभग 13 साल की थी। मेरी स्कूल की छुट्टियों के दौरान मेरी मां मुझे भगवत गीता के सत्संग में ले गई जो हमारे शहर में आयोजित किया गया था। मैं जाकर पहली पंक्ति में बैठ गई। ब्रह्मा बाबा आए और वह भी बैठ गए। ओम ध्वनि के साथ सत्संग का आरंभ हुआ। जैसे ही मैंने ब्रह्मा बाबा के मुख से ओम ध्वनि सुनी, मैंने गहरी आंतरिक शांति का अनुभव किया और मैं ट्रांस में चली गई। जहां तक मुझे याद है, मैं अपनी चेतना को आसपास के वातावरण से अलग कर चुकी थी, और अनुभव किया कि इस व्यक्ति के माध्यम से कोई ऊँच शक्ति बोल रही हैं।



लगभग एक घंटे में सत्संग समाप्त हो गया, परन्तु मैं बाबा को निहारती रही। उन्होंने मुझे देखा और मुझे उठाया। मेरी मां मुझे हिला कर होश में लाई और मैं बाबा के पास गई और फिर मैंने उनसे सत्संग के बारे में कई प्रश्न पुछे (क्योंकि मुझे कुछ याद नहीं था), उन्होंने मुझे ईश्वरीय ज्ञान के बारे में समझाया,मैंने उनके साथ पिता के संबंध को अनुभव किया। तब से धीरे धीरे मेरी आध्यात्मिक यात्रा आरंभ हुई... ।ह्नजब वे 100 वर्ष की थी तब लक्ष्मी यानि रतनमोहिनीदादी ने उक्त किस्सा सुनाते हुए बताया था कि उन्होंने पहले ही महसूस कर लिया था कि यह कोई उच्च शक्ति परमात्मा है, जो दादा के माध्यम से यह ज्ञान सुना रहे है। शुरू में दादी के लौकिक परिवार ने उन्हें सहयोग नहीं दिया, पर बाद में उन्होंने अनुमति दे दी और लक्ष्मी यानि दादी रत्न मोहिनी ने ओम्मण्डली सत्संग में दी जाने वाली शिक्षाओं के आधार पर अपना जीवन अध्यात्मिक ज्ञान को समर्पित करने का निर्णय किया। तब से, रतनमोहिनी दादी ओम्मण्डली संगठन यानि वर्तमान के ब्रह्माकुमारीज संगठन के साथ जुड़ी हुई है,जो इस ईश्वरीय संस्था का आधार बनें है ।ह्नरतनमोहिनी दादी ने यह भी बताया कि ,ह्नमेरा परिवार राधे-कृष्ण का अनन्य भक्त था और मैं भी सुबह स्कूल जाने से पहले पूजा किया करती थी। एक बच्चे के रूप में मुझे कोई अंदाजा नहीं था कि भगवान क्या है, ना ही मैंने कभी यह सोचा था कि स्वयं भगवान मेरा शिक्षक होंगे,लेकिन सच मे मेरे शिव बाबा ही मेरे परमपिता, मेरे गुरु व मेरे शिक्षक है ।ह्न25 मार्च 1925 को जन्मी राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ब्रह्माकुमारीज संस्थान के स्थापना समय के सदस्यों में से एक हैं। दादी के निर्देशन में कई बड़ी पदयात्राओं, रैलियों के जरिए करोड़ो लोगों में भारतीय संस्कृति और मूल्यों को प्रेरित करने की प्रमुख भूमिका रही है। वे देश-विदेश में भी ईश्वरीय सेवाएं करती रही हैं ।वे सवेरे साढ़े तीन बजे ब्रम्हमुहूर्त से अपनी दैनिक दिनचर्या की शुरूआत करती है तथा रात दस बजे तक ईश्वरीय सेवाओं की गतिविधियां चलती रहती है।

दादी के निर्देशन में कई विशाल पदयात्राओं, रैलियों के जरिये लोगों में भारतीय संस्कृति और मूल्यों को प्रेरित करने में प्रमुख भूमिका रही है। वे करीब 70 हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर चुकी है। सन 2006 में उन्होंने 31 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पुलिस मुठभेड़ में 25-25 हजार के ईनामियां लूट के वांछित दो बदमाश शिवा और भावेश के पैर में लगी गोली

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) अवगत कराना है कि दिनांक 23 मार्च 2025 को वादी द्वारा थाना हाथरस जंक्शन पर लिखित तहरीर दी थी कि नगला तलफी के पास रोड पर से एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गयी है तथा दिनांक 31 मार्च को वादी द्वारा थाना सहपऊ पर लिखित तहरीर दी कि खौंडा रोड पर खडी एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात व्यक्तियो द्वारा चोरी कर ली गयी है व दिनांक दो अप्रैल को वादी द्वारा थाना सहपऊ पर लिखित तहरीर दी कि बुढाइच बम्बा के पुल के पास खडे एक व्यक्ति से अज्ञात मोटरसाइकिल सवार द्वारा उसका मोबाइल फोन छीन कर ले गये है व दिनांक दो अप्रैल को वादी द्वारा थाना सहपऊ पर लिखित तहरीर दी कि परसौरा बम्बा के पास खडी एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियो द्वारा चोरी ली गयी है ।उक्त घटनाओ के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हाथरस जंक्शन व थाना सहपऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये ।उक्त घटनाओ का गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजवी नाथ सिन्हा द्वार अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सादाबाद के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन कर लूट की घटनाओं का अनावरण करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया तथा एसओजी, एंटी थेफ्ट स्क्वायड टीम को भी लगाया गया था ।मंगलवार को रात्रि में एंटी थेफ्ट स्क्वायड टीम व थाना सहपऊ पुलिस की संयुक्त कार्यवाही मे उक्त घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले एक बदमाश सूरजपाल को पुलिस मुठभेड के उपरांत गिरफ्तार किया गया था । जिसके उपरांत उक्त अभियुक्तगण वांछित चल रहे थे ।उक्त अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा 25 हजार-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था ।पुलिस टीमों द्वारा अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था ।जिसके क्रम मे पुलिस टीमों को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सहपऊ क्षेत्रांत्रगत मटपुरा गांव की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आ रहे है। उक्त सूचना पर चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए एसओजी टीम, एंटी थेफ्ट स्क्वायड टीम व थाना सहपऊ पुलिस की पिहुरा बम्बे के पास दो बदमाश राजा उर्फ शिवा व भावेश से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्तगणों के पैर में गोली लगने से घायल हो गये है। पुलिस द्वारा घायल अभियुक्तो को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया । युवा जाबांज पुलिस की ऐंटी थेफ्ट के जवान चेतन राजौरा और सौरभ चौधरी की अच्छी तकनीकी और प्लानिंग से दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी होने में पुलिस को सफलता मिली। क्योंकि एसपी चिरजींव नाथ सिन्हा के निर्देशन में ऐंटी थेफ्ट टीम के जवान चेतन राजोरा और सौरभ चौधरी खरे-उतरे और उन्होंने दोनों बदमाशों को परस्त कर गिराया। इस ऐंटी थेफ्ट के जवान चेतन राजोरा और सौरभ चौधरी ने गिरफ्तार करने में हौसला बुलंदी के साथ मास्टर माइंड होने की भी इस केस में अहम-भूमिका दिखाई है। जिससे जनहित में ऐसे पुलिस जवानों पर गर्व महसूस होता है। चेतन राजोरा और सौरभ चौधरी ने बताया कि हम पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा सर के आदेशानुसार अपराधियों को पकड़ने के लिए उनके बताए गए ऑपरेशन प्लानिंग शिकंजा के तहत कार्यवाही गठित टीम निरीक्षकों के नेतृत्व में हम करते हैं। अपराधी भले ही चतुर शातिर किस्म का हो हमारी पुलिस टीम उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करती है।

जिससे जिले भर में लोगों के बीच शांति व्यवस्था, अपराधियों से भयमुक्त होकर रह सके। इसके लिए पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिन्हा सर के आदेशानुसार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की कई टीमें में काम करती हैं।हम भी ऐंटी थेफ्ट गठित टीम में रह कर अपराधियों को पकड़ने को काम करते हैं।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने नवागत बेसिक शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत



वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सिद्धार्थनगर द्वारा जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ल के नेतृत्व में नवागत बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार का बीएसए कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रकाश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षिक और संगठनात्मक मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की गई, जिसमें जिले के विभिन्न ब्लॉकों से सैकड़ों शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता की। सभी ने पुष्पगुच्छ और मालाओं से नवागत बेसिक शिक्षा अधिकारी का अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रमुख पदाधिकारियों में महिला संयोजक रेनू मणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अभय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवपाल सिंह, मंडल मंत्री विजय भास्कर, उपाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, आनंद पाण्डेय, जे.पी. गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र गुप्ता, मंत्री राकेश पाण्डेय, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, संजीव कुमार, लोकेंद्र कुमार, आशीष पाण्डेय, राहुल कुमार, संगीत शुक्ल, संतोष पांडेय, प्रवीण मिश्र, आलोक शर्मा, अमित द्विवेदी, महेश मिश्र, नगिना राय, हरिशंकर सिंह, अंजनी झा, उत्कर्ष श्रीवास्तव, राघवेन्द्र तिवारी, प्रार्थना मिश्र, पूनम त्यागी, आभा श्रीवास्तव, रितु सिंह, दीपमाला, बबीता यादव, बबीता गुप्ता, अनिता वर्मा, प्रतिभा त्रिपाठी सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## महिला ने तीन लोगों पर लगाया तेजाब डालकर घायल करने का आरोप

**कांधला।** कस्बा निवासी एक महिला ने बस्ती के तीन लोगों पर घर में जबरदस्ती घुसकर उसके ऊपर तेजाब डालकर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी महिला? रेशमा पत्नी वसीम ने बताया कि सुबह सवेरे उसका पति गाड़ी लेकर दिल्ली के लिए चला गया था और वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि पीड़िता के बस्ती के तीन लोग जबरदस्ती उसके घर में घुस गए और मारपीट कर गाली गलौज करते हुए उसके ऊपर तेजाब डाल दिया। पीड़िता के उपर तेजाब डलने के बाद पीड़िता ने शोर मचा दिया शोर मचाने के बाद आरोपी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। महिला का आरोप है कि उसने गुड्डू नामक व्यक्ति को लविश कंपनी में लगाने के लिए पांच लाख रुपए दिए थे पीड़िता लगातार अपने रूपयों की मांग कर रही थी। आरोपी ने रुपए देने के बजाय अपने साथियों के साथ मिलकर उसके घर में घुसकर तेजाब डाल दिया। गंभीर अवस्था में परिजनों ने उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया ? चिकित्सकों ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था में हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित महिला ने कई लोगों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए थाने पर नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि एक महिला की तेजाब डालने के संबंध में तहरीर मिली है पुलिस जांच कर रही है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ईंट भट्टे से दिशा शौच के लिए गई किशोरी हुई गायब, पुलिस तलाश में जुटी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्टे से एक किशोरी लापता हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसका परिवार हाजीपुर दुगड्डा स्थित एक ईंट के भट्टे पर पथेर का कार्य करता है। गत दिवस सोमवार की सुबह उसकी 16 वर्षीय पुत्री दिशा शौच के लिए कह कर गई थी। काफी देर हो जाने के बाद भी किशोरी वापस परिजनों के पास नहीं पहुंची। जिसके के बाद परिवार के लोगों ने किशोरी की खोजबीन की। पीड़ित पिता ने बताया की खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि जनपद बागपत के गांव मलकपुर निवासी मिंटू किशोरी को अपनी बाइक पर बैठा कर ले गया। पीड़ित ने पुलिस को नामजद शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। दुसरी और क्षेत्र के गांव हुरमजपुर से चार दिन पूर्व 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। घटना के संबंध में लापता किशोरी के पिता ने पड़ोसी गांव के ही एक युवक पर किशोरी को अगवा कर ले जाने की नामजद शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर अगवा किशोरी को भी कुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बरामद किशोरी को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है। किशोरी के बरामद होने से परिजनों व पुलिस ने राहत की सांस ली है।

# भाजपा सक्रिय कार्यकर्ताओं में सत्ता आने के 11 साल बाद भी अपना मूल काम नहीं छोड़ाः सुरेंद्र पूनिया

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन स्थानीय किसान विश्रामगृह में हुआ जिसमें प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया श्रीनिवास गोयल अनूप धानक एवं प्रवीण जैन मुख्य रूप से पहुंचे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा 11 साल सत्ता में रहने के बावजूद भी अपना मूल काम नहीं छोड़ रही क्योंकि वह कार्यकताओं के साथ संपर्क में रहती है और अब भी 10, 11 व12 को छोटे से छोटा सक्रिय कार्यकर्ता तथा बड़े से बड़े नेता भी आमजन से संपर्क बनाने के लिए प्रवास करेंगे। उन्होंने कहा पूर्वोत्तर राज्यों में प्रधानमंत्री मोदी 75 बार से भी ज्यादा जा चुके हैं जहां कभी कांग्रेस ने उनकी सुध नहीं ली थी। भाजपा उनके साथ खड़ी है।विकसित भारत को लेकर के भाजपा अपने काम में लगी हुई है और 2047 का लक्ष्य है उससे पूर्व देश विकसित भारत के रूप में काम करेगा। उन्होंने माइक्रो मैनेजमेंट सिस्टम पर कहा कि भाजपा विधानसभा में पूर्ण बहुमत के साथ फिर से सरकार बनाने का काम किया। विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन की सुभकहाट से अन्य दलों ने तो अपने विभाग तक बांट लिए थे और उससे लोग चिंतित हुए तभी तीसरी बार भाजपा की सरकार प्रदेश में भी आई। भाजपा सत्ता मे आने पर भी किसी का कोई घमंड नहीं है और जब कोई विधायक नहीं होता था तब भी मायूसी नहीं थी। क्योंकि भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता राष्ट्र हित को लेकर काम करते हैं फिर पार्टी के लिए उस उपरांत खुद के लिए काम करते हैं। महिला नेतृत्व के लिए 30 महिला मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की की गई है। उन्होंने कहा कि छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी कब क्या पद मिल जाए इस बात में कोई अतिशयोक्ति नहीं है ।एक सक्रिय कार्यकर्ता ही प्रधानमंत्री बना है तो एक मुख्यमंत्री भी सक्रिय कार्यकर्ता बना है यह सब भाजपा की बदोलत है किसी अन्य पार्टी में ऐसा संभव नहीं। पूर्व मंत्री अनूप धानक ने भाजपा की नीतियों और देश में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। इस केत्रित कार्यकताओं को 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगमन पर हिसार कार्यक्रम में पहुंचने का न्योता दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार ,मनवीर सिंह, मोहन नंगथला ,रामफल नैन ,अजीत सिंह ,संदीप गोयल, हवा सिंह धारीवाल ,अजीत सिंह, संदीप कुंडू ,रामेश्वर दास भातीवाल, सुरजीत ख्यालिया ,धूप सिंह ,जगदीप कुंडू, राधिका गोदारा ,आरजू थाकन ,उषा अनेजा, सुमित लितानी, वासुदेव शर्मा ,मंगल सिंह, राजेश कुमार ,कृष्ण संदीप धमीजा, भीमसेन, विजयपाल बेदी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाल श्रम के खिलाफ मे कार्रवाई 7 बच्चों को कराया मुक्त 6 नियोजकों को नोटिस जारी



वेलकम इंडिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ तहसील में जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने दुकानों पर काम कर रहे 7 नाबालिगों को बाल श्रमिकों को बचाया।

जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर के निर्देश मे जिला टास्क फोर्स टीम ने शोहरतगढ़ में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर 7 नाबालिक बाल श्रमिकों को चिन्हांकित कर 6 नियोजकों मे छोटू बिरयानी, आयात फुटवियर, बबलू बुक डिपो, रजा बिरयानी, रामानंद मिष्ठान, ?शादाब मुंबई ऑटो गैरेज के मालिकों को मौके पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि अभियान चलाकर 7 बच्चो को चिन्हांकित कर 6 नियोजकों के विरुद्ध मौके पर कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। उन्होंने बताया कि लगातार बाल श्रमिकों का रेस्क्यू कर नियोजकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। अभियान में मुख्य रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, एएचटीयू आरक्षी आशुतोष सिंह, समरजीत चौरासिया, मानव सेवा संस्थान सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जय प्रकाश गुप्ता शामिल रहे।

# जनशिकायतों के निस्तारण में जिले का थाना हसायन को मिला प्रथम स्थान,

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) अवगत कराना है पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष मे जनसुनवाई के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण हेतु आईजीआरएस प्रभारी, क्षेत्राधिकारी कार्यालय व जनपद के समस्त थानों पर आईजीआरएस का कार्य देखने वाले पुलिस कर्मचारियों को कुल 16 मोबाइल फोन सिम सहित वितरित किये गये ।मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी आईजीआरएस जनसुनवाई - समाधान पोर्टल, जिसमें आम-जन द्वारा अपनी समस्या हेतु ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार शासन द्वारा की गयी है ।जिसकी समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक माह की जाती है तथा प्रत्येक जनपद का मासिक मूल्यांकन कर प्रत्येक माह रैंकिग का निर्धारण शासन स्तर पर किया जाता है ।पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा आमजन की प्राप्त होने वाली शिकायतों का समस्त राजपत्रित-थाना प्रभारियों को आईजीआरएस सन्दर्भों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराये जाने हेतु निर्दिष्ट किया।

# बैंक के द्वारा की गई गरीब वर्ग के बच्चों को सामग्री वितरित

वेलकम इंडिया



**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू के पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रेरणा से गरीब दलित वर्ग के बच्चों को निशुल्क सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा प्रबंधक बदन सिंह और बैंक स्टाफ द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को पुष्प वंदन कर किया गया।कार्यक्रम में कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय गढीश्याम से नव प्रवेशी गरीब वर्ग के बच्चे सम्मिलित हुए। शाखा प्रबंधक बदन सिंह ने बताया की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का मुख्य संदेश यही है कि शिक्षित बनो क्योंकि उन्नति का रास्ता शिक्षा के अलावा कुछ और नहीं है।एक सशक्त समाज की स्थापना के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है तभी सामाजिक न्याय और समानता प्राप्त की जा सकती है।इस अवसर पर सभी बच्चों को स्कूली शूज और वर्ष भर के लिए अध्ययन सामग्री कॉपी पैन आदि की किट वितरित की गई ।

# स्वर्ण व्यवसायी की हत्या का खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** स्वर्ण व्यवसायी सुनील वर्मा की निर्मम हत्या के मामले में जनपद के एसओजी व मोहाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसओजी, सर्विलांस और मोहाना थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीन आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया, जबकि बाकी तीन को उनकी निशानदेही पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी हबीबुल्लाह कर्ज में डूबा था और उस पर अपनी बहन का सोने का हार वापस करने का दबाव था।इसी वजह से उसने अपनी पत्नी जुबैदा और बेटे शहजाद के साथ मिलकर सुनील वर्मा की हत्या की साजिश रची।शहजाद ने अपने तीन दोस्तों इरशाद, दिनेश कुमार उर्फ मंजय और राहुल को 25-25 हजार रुपये देने का लालच देकर इस साजिश में शामिल किया। हबीबुल्लाह ने सुनील वर्मा को पुराने घर पर हार खरीदने के बहाने बुलाया और खुद जुबैदा के साथ पैसे लाने के बहाने घर से चला गया।इस दौरान शहजाद और उसके तीन साथियों ने लोहे की पाइप से सुनील वर्मा के सिर पर वार कर दिया। ताबड़तोड़ हमलों से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने सुनील के पास मौजूद सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए और जमीन पर गिरे खून को पानी से धो दिया। हत्या के बाद आरोपियों ने सुनील वर्मा के शव को जूट के बोरे में भरकर बाइक से परसोहिया गांव के सिवान में सुनसान स्थान पर फेंक दिया। इसके बाद उन्होंने शव पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने एक सीरियल में देखा था कि पुलिस फिंगरप्रिंट से पहचान करती है, इसलिए उन्होंने शव को जला दिया ताकि उसकी पहचान न हो सके। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में हत्यारों के पास से 315 बोर का देसी तमंचा, एक खोखा कारतूस, मृतक की बाइक और करीब सवा दो लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

# मनरेगा एवं कन्वर्जेंस के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय द्वारा आज सकरनी नदी के उद्गम स्थल खुयलन वेटलैंड संरक्षण एवं इको पर्यटन स्थल ग्राम पंचायत नेवाड़ी विकासखंड मांधाता में मनरेगा एवं कन्वर्जेंस के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम पौधरोपण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने वन विभाग के रेंज आफिसर को निर्देशित किया कि झील के बांधो पर वृक्षारोपण वन विभाग अपने विभाग के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य में समाहित करके कराएगा तथा वृक्षारोपण की जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। पूरी झील की पैमाइश करने तथा अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के निर्देश दिए गए। डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि लाइन डिपार्मेंट से भी कार्य कराएं जिससे कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप रहे। नदी पर बन रहे रपटा पुल को मानक के अनुरूप बनाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिव्या मिश्रा , परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगार, अधिशासी अभियंता सिंचाई, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, डीपीआरओ एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री द्वारा सपा अध्यक्ष पर दिए गए बयान को लेकर सपाईयों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजेंद्र सिंह वेलकम इंडिया वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ ) मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आंनंद गुर्जर के नेतृत्व में सभा अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ दिए गए बयान के विरोध में कार्यकताओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। इसमें कार्यकताओं ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा ऐसा बयान देना घोर निंदनीय है रेखा गुप्ता एक संवैधानिक एवं अति महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने के बावजूद भारत की तीसरी सबसे बड़े राजनैतिक दल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश वर्तमान सांसद अखिलेश यादव पर इस तरह अमर्यादित अभद्र भाषा का प्रयोग किया है जिससे अखिलेश यादव जी की छवि को धूमल करने का कार्य किया गया है जो संविधान के मयार्दा को आहत और ठेस पहुंचती है और ऐसा करना उनकी उत्कृष्ट मानसिकता का परिचायक भी है जिससे देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता और समर्थक इस बयान का कडा विरोध व निंदा करते हैं। साथ ही दिल्ली के मुख्यमंत्री के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग करती हैं। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदभुर्जी व जिला अध्यक्ष छात्र सभा रविंद्र यादव के द्वारा दिल्ली प्रदेश की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पुतले का दहन भी किया गया वह जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कार्यालय से होते हुए शहर में जुलूस निकालकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के बयान के विरुद्ध तहसील चौपाल पर पहुंचकर जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त अधिकारी गण को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर तेजपाल प्रमुख पूर्व जिला अध्यक्ष, इकबाल कुरैशी प्रदेश सचिव, श्याम सुंदर भुर्जी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, संजय सिंह यादव जिला प्रवक्ता/ जिला उपाध्यक्ष, अख्तर मालिक जिला उपाध्यक्ष, अयूब सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष, पीयूष वाल्मीकि प्रदेश सचिव, दीपिका चुग प्रदेश सचिव महिला सभा युवजन सभा,मनजीत चौधरी विधानसभा अध्यक्ष, अब्दुल चौधरी प्रदेश सचिव, आमिर चौधरी जिला उपाध्यक्ष, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट, रिजवान चौधरी विधानसभा अध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर, मोहम्मद हम्माद जिला सचिव, आदेश गोस्वामी जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, पीयूष वाल्मिक प्रदेश सचिव, राजेश यादव जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा, कमल मंसूरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रविंद्र यादव जिला अध्यक्ष छात्र सभा, रमन जाटव , सौरभ जाटव जिला उपाध्यक्ष छात्र सभा, लवी तोमर जिला सचिव छात्र सभा, मोहित नगर सपा छात्र नेता, गौरव गोयल जिला अध्यक्ष व्यापार सभा, जुबेर आलम, जिला सचिव संजय कुमार जिला उपाध्यक्ष व्यापार सभा, सोहेल कुरेशी जिला सचिव, पवन जाटव गौरव जाटव, कुनाल वाल्मीकि, जतिन कुमार समाजवादी बाबा साहब वाहिनी, राकेश कुमार जिला सचिव, जावेद जड़ोदिया जिला उपाध्यक्ष, दानिश अल्वी, मोहम्मद मोहम्मद जिला सचिव आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिले में अपनी ड्यूटी का निष्ठापूर्वक कर्तव्य प्राणयता के साथ निर्वाह करने का नाम है/ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/जिले में एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह की हापुड़ पुलिस के द्वारा अपनी ड्यूटी का निष्ठा पूर्वक सतर्कता कर्तव्यता प्रणीयता के साथ निर्वाह करने का नाम है। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ।बता दें कि बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता अपनी ड्यूटी का निर्वाह कितने सतर्कता पूर्वक करते हैं।

इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह किसी भी सड़क हादसे में अपने कर्तव्य को बखूबी अंजाम देते हुए नजर आते हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण आज भी देखने को मिला है। जिसमें बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराने नेशनल हाईवे 24 कनिया कल्याणपुर मोड़ के पास दो बाईकों की आमने-सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे ।थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने तत्काल एंबुलेंस आने की बगैर परवाह किए अपनी गाड़ी से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ पहुंचे। और दोनों को भर्ती कराया। होश आने पर दोनों पीड़ितों ने अपने नाम देवेंद्र कुमार शर्मा पुत्र तुलसीराम शर्मा निवासी कनिया कल्याणपुर, मनीष पुत्र राजपाल निवासी फरीदपुर गोसाई थाना सिंभावली बताए हैं। दोनों ही पीड़ितों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## बुंदेलखंड राज्य के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष होगा : कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं जिलाध्यक्ष मोनू पटेल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्टर सागर की अनुपस्थिति में प्रभारी अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग की।

इस अवसर पर कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष जारी रहेगा, क्योंकि इसके बिना क्षेत्र का समुचित विकास संभव नहीं है।उन्होंने सागर को बुंदेलखंड का दिल बताते हुए कहा कि सागर के विकास के लिए भी पृथक राज्य जरूरी है। ज्ञापन में बताया गया कि आजादी के बाद 1948 में बुंदेलखंड राज्य का गठन हुआ था, लेकिन 1950 में उसका नाम विंध्य प्रदेश कर दिया गया। 1956 में हुए राज्य पुनर्गठन में बुंदेलखंड को समाप्त कर इसे उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बांट दिया गया, जो इस क्षेत्र के साथ अन्याय था। बुंदेलखंड की 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 1.83 करोड़ से अधिक है और क्षेत्रफल 70,592 वर्ग किलोमीटर है, जो इसे एक मजबूत राज्य बनने की पात्रता देता है। इस मौके पर सागर जिलाध्यक्ष मोनू पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद नईम मंसूरी, झांसी जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा, डॉ. विवेक तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, सुजीत विश्वकर्मा, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## ब्राह्मण समाज समिति राजाखेड़ा की बार्षिक बैठक का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान ।** ब्राह्मण समाज राजाखेड़ा की बैठक का आयोजन कस्बे की परशुराम धर्मशाला में किया गया जहां बैठक में समाज के वरिष्ठ राम चरन उदैनिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें की महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। समाज के अरूण दुवे ने बताया कि परशुराम धर्मशाला में एक बड़े हाल का निमार्ण समाज के सहयोग से कार्यकारिणी ने करवाया। और कार्यकारिणी की सराहना की। समाज के संरक्षक -रामअवतार उदैनिया, शिवशंकर उदैनिया, पूर्व अध्यक्ष -देवेद्र मुद्गल, गोरी शंकर उपाध्याय, सहित अन्य प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में वर्तमान कार्यकारिणी का उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्यकारिणी का कार्यकाल आगामी 2बर्ष तक के लिए बढ़ाया गया है साथ ही परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष कमलेश मुदगल की अस्वस्थता के चलते उनके स्थान पर सुनील कौशिक को जिम्मेदारी दी है साथ ही भगवान परशुराम जी का29/04/2025 को जन्मोत्सव एकल या जोड़ा के साथ हवन की विधि से बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। जिस मे इच्छुक हवन करने वाले अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं बैठक में पवन कुमार उपाध्याय, पातीराम मुद्गल,अरूण दुवे, नारायण प्रसाद पचौरी, सुनील कौशिक, राम अवतार पचौरी, श्रीकांत मुद्गल, दुर्गेश पचौरी, पंकज कुमार शर्मा, दाऊदयाल चिहार, रामदत्त पचौरी, ब्रह्मचारी दीक्षित, अवधेश मुद्गल, हरिओम मुद्गल, शिवदत्त तेनुगुरिया,पवन पचौरी, उमाकांत मुद्गल, प्रमोद पचौरी,सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## बॉसमण्डी सराय गेट की सड़क ठीक कराने की मांग उठी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** कुतुबखाना से बॉसमण्डी जाने वाली सड़क सराय खाम के दूसरे गेट गोल्ड स्टार कलेक्शन के सामने सीवरलाइन के लिये सड़क खुदी थी मुख्य सड़क के खुदे होने की वजह से वह पूरी तरह खराब हो चुकी है, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहन पलट रहे है, लोगों मैं नगर निगम के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है, वहीं इस रोड की धूल गर्दा से दुकानदारों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। डस्ट अधिक होने के कारण दुकानदारो का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, जिस वजह से दूकानदारी पर भी बुरा असर पड़ रहा है, व्यापारी नावेद बेग ने बताया है कि सराय खाम की समस्या को लगभग 2 माह से ज्यादा समय बीत चुका है।यह सड़क वार्ड 20 में आती है, त्यौहार के सीजन में सड़क ठीक न होने से व्यापार ठप पड़ा हुआ था, अब धूल के कारण ग्राहक दुकानों का रुख नही कर रहे है। खान मोहम्मद खान पेड़ा मिठाई वाले शाहबाज खान ने बताया कि धूल के कारण मिठाइयां खराब हो रही है, वही बक्सा व्यापारी अखलाक नूरी व पान वाले मोहम्मद नबी दूकानदारी को लेकर परेशान नजर आये। एक अन्य दुकानदार धर्मेन्द्र ने कहा कि दुकानों में धूल के कारण गन्दगी हो रही है।

## खण्ड शिक्षधिकारी मीरगंज को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का कैलेंडर किया भेंट



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** खण्ड शिक्षधिकारी मीरगंज शीशपाल सिंह को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई मीरगंज की इकाई ने महासंघ का कैलेंडर भेंट किया।इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर उनको मीरगंज आने की बधाई दी। इस दौरान संघ ने लंबित एरियर और बाल्य देखभाल अवकाश सम्बंधी समस्याओं पर बात की। खण्ड शिक्षाधिकारी महोदय ने इन समस्याओं का जल्द निराकरण करने की बात कही और ज्यादा से ज्यादा नामांकन पर बल देने की बात कही। प्रोजेक्ट जरिया की जानकारी घर-घर तक पहुँचे। वाटर रनिंग सिस्टम और शौचालय को दुरुस्त करने की बात कही। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मीरगंज के संरक्षक धर्मपाल सिंह अध्यक्ष अमित गंगवार, महामंत्री आनंद प्रकाश कोषाध्यक्ष तेजपाल संगठन मंत्री नितिन कुमार और उपाध्यक्ष कृष्णपाल एवं कुमुद केशव पांडे जिला महामंत्री शिक्षामित्र संघ के साथ वरिष्ठ शिक्षक संतोष गंगवार सत्यवीर पाल अटेवा अध्यक्ष मुकेश गंगवार भारतवीर गंगवार धीरेन्द्र गंगवार, सरला आदि मौजूद रहे।

## खंड शिक्षा अधिकारी इटवा महेंद्र कुमार को किया गया निलंबित

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी की रिपोर्ट पर शासन ने खंड शिक्षा अधिकारी इटवा महेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। उन पर स्वयं पोर्टल पर अवकाश स्वीकृति कर उपस्थित पंजिका पर अनुपस्थिति दिखाकर अधीनस्थ का वेतन बाधित करना, सहायक अध्यापक सरिता मौर्य का बाल्य देखभाल अवकाश के लिए प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र को निरस्त करने, स्वेता साहू द्वारा प्रस्तुत बाल्य देखभाल अवकाश को कुटुंब रजिस्टर की नकल संलग्न न किए जाने के कारण अवकाश अस्वीकृत करना तथा नियमों एवं विनयीमो के विपरीत जाकर कार्य करने का आरोप है। निलंबन अवध में वह एडी ऑफिस गोरखपुर अटैच किए गए हैं। अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) की ओर से जारी निलबंन आदेश में बीएसए को बीईओ इटवा के विरुद्ध साध्य सहित बिंदुवार आरोप पत्र गठित कर 15 दिन के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर चकरपुर में परीक्षा फल वितरण समारोह आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर टाण्डा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर चकरपुर में मंगलवार को परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ द्वारा बच्चों को परीक्षा फल वितरित किये जाने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं और उन्हें लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। मंगलवार को ब्लॉक भगतपुर टाण्डा के प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर चकरपुर में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ ।समारोह में गांव के गणमान्य नागरिकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। बच्चों ने अपने रिजल्ट पाकर अत्यंत प्रसन्नता जताई और उनके चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। इस आनंद के पल में कई बच्चों ने अपने शिक्षकों को स्वयं अपने हाथों से मिठाई खिलाकर आभार जताया, जिससे माहौल अत्यंत मधुर और भावविभोर हो गया। इस मौके पर प्रधान अध्यापिका निधु देयोल ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें लगातार मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी भेंट किए गए, जिन्हें पाकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय के शिक्षकों की निष्ठा और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में शिक्षक सविता चौधरी, मोहम्मद उमैर, शीतल, शराफत हुसैन एवं छिद्दा सिंह आदि उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय निर्माण की जांच करने पहुंची टीम पर ग्रामीणों ने लगाया खानापूर्ति का आरोप

**बुलंदशहर।** मंगलवार को निमार्णाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के डीएम के निरीक्षण में गुणवत्ता की ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा की गई शिकायत पर गठित तकनीकी जांच टीम के अधिकारियों द्वारा डीएम के आदेश को गंभीरता से ना लेते हुए जांच कमेटी के अध्यक्ष जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सदस्य अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा अधिशासी अभियंता आर ई एस के जांच को स्वयं न पहुंच मंगलवार को अपने अधीनस्थो को भेज जाँच की खाना पूर्ति करने पर शिकायतकर्ता व ग्रामीणों ने हंगामा कर जांच टीम का किया विरोध जिलाधिकारी श्रुति शर्मा ने क्षेत्र के गांव रोरा में निर्माणधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया था। जिसमें मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा मानक के विपरीत सामग्री लगाने जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में तकनीकी जांच टीम गठित की थी। मंगलवार को पहुंची जांच टीम में जिला अधिकारी द्वारा गठित की गई कमेटी के अधिकारियों की बजाय जांच में खाना पूर्ति करने पहुंचे लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सत्येंद्र सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग बालिका की डीसी छाया राणा व आर ई एस के एसडीओ योगराज गौतम द्वारा निर्माण को शिकायत में दिए गए बिंदुओं की जांच न करने पर शिकायतकर्ता ज्ञानेंद्र सिंह राघव व ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराते हुए, हंगामा कर डीएम द्वारा गठित कमेटी से ही जांच कराने की मांग की।

## जिले में अवैध खनन की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास कर अधिकारी करें तत्परता से कार्यवाही - जिला कलक्टर

**वेलकम इंडिया**




**धौलपुर राजस्थान।** जिले में अवैध खनन रोकने के लिए अब खनन विभाग के साथ पुलिस, परिवहन, राजस्व और वन विभाग के अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर सख्त कार्रवाई करेंगे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले में अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन निर्गमन पर चौकस निगरानी रखकर निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महत्वपूर्ण निर्गमन स्थानों पर चेक पॉइंट्स स्थापित करें। उन्होंने खान विभाग को गैर-वन क्षेत्र में कार्रवाई करने, वन विभाग को वन क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और खातेदारी भूमि के अवैध खनन गतिविधियों में उपयोग पाए जाने पर राजस्व विभाग को कड़ी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि सिवायचक, चारागाह एवं वन भूमि से किसी भी स्थिति में अवैध खनन न हो। जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी इस समन्वित प्रयास को गंभीरता से लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहें। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने पुलिस अधिकारियों को नियमित पेट्रोलिंग करने और अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध खनन को रोकने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने और संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, खनन अभियंता, सभी उपखण्ड अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बरेली में चौकी प्रभारियों के रिपोर्ट कार्ड जारी, पांच सम्मानित, कई जांच के घेरे में

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** जिले में पुलिसिंग की गुणवत्ता परखने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने फरवरी माह के प्रदर्शन के आधार पर सभी चौकी प्रभारियों का मूल्यांकन कराया। इस आकलन के बाद जहां बेहतर काम करने वाले पांच चौकी प्रभारियों को सम्मानित किया गया, वहीं कार्य में लापरवाही बरतने वाले पांच अधिकारियों के खिलाफ जांच के आदेश जारी किए गए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चौकी प्रभारी सम्मानित फरवरी के मूल्यांकन में प्रथम स्थान हासिल करने वाले सेटेलाइट चौकी प्रभारी गौरव कुमार अत्री को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व 10 हजार रुपये पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर रहे मीरगंज कस्बा चौकी प्रभारी यतेंद्र सिंह को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और सात हजार रुपये पुरस्कार मिला। तीसरे स्थान पर कैंट की नकटिया चौकी के प्रभारी मोहित चौधरी रहे। उन्हें ट्रॉफी, प्रशस्तिपत्र और चार हजार रुपये मिले। चौथे स्थान पर भमोरा की सरदारनगर चौकी प्रभारी विकास यादव रहे। उनको प्रशस्ति पत्र और 2500 रुपये दिए गए। नवाबगंज कस्बा चौकी प्रभारी विदेश कुमार शर्मा को पांचवां स्थान मिला। उन्हें प्रशस्ति पत्र और 1500 रुपये पुरस्कार दिया गया है ।रुहेलखंड चौकी प्रभारी समेत इन पर जांच के आदेश सबसे खराब प्रदर्शन बारादरी की रुहेलखंड चौकी के प्रभारी राहुल सिंह पुंडीर का रहा।

# यूपी में कानून का राज है। बहन बेटी खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं विधायक देवेंद्र सिंह लोधी

**वेलकम इंडिया**

**प्रिंस कुमार राणा, बुलंदशहर .ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकाश की राह पर है। विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि पिछले आठ वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुशासन एवं विकास कार्यों को लेकर पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज गांव चलो अभियान के अन्तर्गत अमरगढ़ मंडल के गांव रघुनाथपुर के बूथ संख्या 343- 344 पर





पहुंचकर पार्टी के बूथ समिति और लाभार्थियों के साथ बैठक कर प्रवास पर शोभा यात्रा निकाल कर कार्यकताओं व ग्रामवासियों को योजनाओं के बारे में अवगत कराया और प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय में गंदगी को देख नाराज विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उसके बाद शिव मंदिर पर खराब खराब वाटर कुलर को देख तुरन्त खंड विकास अधिकारी को वाटर कुलर को ठीक कराने के निर्देश दिए। और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को निर्देशित किया। देवेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सात हजार से अधिक गरीब परिवारों को मकान मिले हैं। किसान सम्मान निधि योजना से भी किसान लाभांवित हुए हैं। क्षेत्र में सड़कों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इतना ही नहीं प्रत्येक वर्ग के लोग खुशहाल हैं। विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि सरकार की जन कल्याणीकारी योजनाओं का लाभ जनता के दरवाजे तक पहुंच रहा है। सड़कों और एक्सप्रेसवे के निर्माण से पूरा प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने दावा किया, विपक्षी पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जितने विकास कार्य हमारी सरकार ने कराए हैं। उसका एक तिहाई भी पिछली सरकार ने नहीं कराए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रत्येक वर्ग के लोग खुशहाल हैं। विधायक ने कहा कि अब यूपी में कानून का राज है बहन बेटी खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं।

# मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनानार्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में किये गये उत्कृष्ट कार्य के आधार पर जनपद की 05 ग्राम पंचायतें पुरस्कृत-डीएम

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया है कि मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के क्रम में शासन के निदेशानुसार पंचायत सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनानार्गत वित्तीय वर्ष-2023-24 में किये गये उत्कृष्ट कार्य के आधार पर पुरस्कृत किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में प्रदेश की कुल 375 ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनानार्गत जनपद संत कबीर नगर की 05 ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया गया है। पुरस्कृत ग्राम पंचायतों को अंको के अवरोही कम में धनराशि निर्गत की गयी है।

मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनानार्गत पुरस्कृत होने वाली ग्राम पंचायतों में प्रथम स्थान पर ग्राम पंचायत कुसुरू खुर्द विकास खण्ड-बेलहर कला को धनराशि रूपए 3500000, द्वितीय स्थान पर ग्राम पंचायत-छितौनी, विकास खण्ड-पौली को धनराशि रूपए 2166667/- तृतीय स्थान पर ग्राम पंचायत अजांव, विकास खण्ड-पौली को रूपए 2166667/-, चतुर्थ स्थान पर ग्राम पंचायत-सुबखरी विकास खण्ड-नाथनगर को रूपए 2166666/- तथा पंचम स्थान प्राप्त ग्राम पंचायत चंगेरा-मंगेरा विकास खण्ड सेमरियावां को रूपए 1000000/- की धनराशि से पुरस्कृत किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पुरस्कार प्राप्त जनपद की सभी 05 ग्राम पंचायतों को निदेशालय स्तर से ग्राम पंचायतों के ओ.एस.आर. खातों में धनराशि हस्तान्तरित कर दी गयी है। पुरस्कृत ग्राम पंचायतों द्वारा आवंटित धनराशि से कराये जाने वाले कार्य एवं उनमें व्यय की जाने वाली धनराशि के अनुश्रवण हेतु पोर्टल विकसित किया गया है, जिसका यू0आर0एल0 ६ृ१रि.४स्र्स्र१ृ.ल्लि है। जिलाधिकारी ने बताया कि पुरस्कृत पंचायतों द्वारा प्राप्त धनराशि का व्यय विकास कार्यों पर किये जाने के संबंध में सम्बंधित विकास खण्ड, ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को नियमानुसार विस्तृत निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के अनुसार सम्बंधित ग्राम पंचायतें कार्यों की प्रगति उक्त पोर्टल पर अपलोड कराते हुए उपभोग प्रमाण पत्र, कार्य के फोटोग्राफ सहित यथाशीघ्र जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# मढ़ीनाथ और डोहरा में अवैध गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग का भंडाफोड़

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** शहर में अवैध गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग का कारोबार लगातार फैलता जा रहा है। ताजा मामला सुभाषनगर और बारादरी थाना क्षेत्र का है।

पूर्ति विभाग की सूचना पर दोनों जगह पुलिस ने छापा मारकर गैस रिफिलिंग का गोरखधंधा पकड़ा है। पुलिस ने दोनों मामलों में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ इलाके में पूर्ति निरीक्षक ललित श्रीवास्तव की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई। आरोपी मनीष गुप्ता अपने घर पर घरेलू सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग करता था। पुलिस ने मौके से 3 घरेलू सिलेंडर, 1 इंडेन गैस सिलेंडर, रिफिलिंग मोटर, पाइप, वायरिंग, स्टैंड व अन्य सामान बरामद किया। मनीष गुप्ता के खिलाफ गैस कंट्रोल आदेश 2000 की धारा 3/7, विस्फोटक अधिनियम की धारा 285 व आईपीसी की धारा 336 में एफआईआर दर्ज की गई है। बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा शिव मंदिर के पास दुकान में अवैध गैस रिफिलिंग पकड़ी गई है। उपनिरीक्षक जगत सिंह की सूचना पर बारादरी पुलिस ने छापा मारा। पूर्ति निरीक्षक शिखा तिवारी व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में दुकान संचालक राजेश कन्नौजिया को गिरफ्तार किया गया।मौके से 2 भारत गैस सिलेंडर, 1 छोटा सिलेंडर, रिफिलिंग पाइप और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ। एडीएम की अनुमति के बाद गैस कंट्रोल आदेश 2000 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। दोनों मामलों में पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि अवैध गैस की रिफिलिंग से बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं सुभाषनगर और बारादरी पुलिस ने चेतावनी दी है कि अवैध गैस रिफिलिंग के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# पुरुषों के लिए भी हो एक आयोग: रामवीर सिंह तोमर

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** घरेलू हिंसा का जब भी नाम आता तो जहन में ख्याल आता है कि महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा। लेकिन पीड़ितों में महिलाएं ही नहीं बल्कि पुरुष भी होते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत में महिलाओं के साथ अपराध के मामले बढ़ हैं, लेकिन आए दिन मीडिया में पुरुषों के उत्पीड़न और आत्महत्या की खबरें भी हम पढ़ रहे होते हैं। हमारे आसपास ऐसे पुरुषों की कमी नहीं जो उत्पीड़न के शिकार हैं। इसलिए मन में ये सवाल उठना लाजिमी है कि जिस तरह महिला आयोग ने लाखों महिलाओं को न्याय दिलाने में मदद की है, वहीं क्या पुरुषों के पास भी अपनी बात रखने के लिए कोई मंच नहीं होना चाहिए?

महिलाओं के हितों की रक्षा सहित घरेलू हिंसा को लेकर कानून बने हुए हैं तमाम ऐसे कानून हैं, जिनमें देखा जाता है कि पुरुषों की बात नहीं सुनी जाती। हमारे समाज में घरेलू हिंसा, दहेज, शारीरिक शोषण, बलात्कार और डिवोर्स जैसे मामलों में भी महिलाओं के लिए कानून बने हैं, और उनकी सुरक्षा के लिए हर कोई आगे खड़ा होता है, लेकिन पुरुषों के मामलों में कानूनी तौर पर ऐसी कोई भी व्यवस्था नहीं है। न उनके लिए घरेलू हिंसा का कोई कानून बना है, यहां तक की घरेलू हिंसा शब्द का इस्तेमाल जहां पर होता है वहां आमतौर पर महिला की ही इमेज हमारी नजरों में बनती है, जबकि ऐसा नहीं है पुरुष भी घरेलू हिंसा से पीड़ित हैं। पुरुषों पर हो रहे उत्पीड़न की अनदेखी इतनी है कि वह न तो समाज को और न ही कानून को दिखलाई पड़ती है। भारत में लैंगिक समानता को महिलाओं की लड़ाई के रूप में दशार्या जाता है, जिससे अक्सर पुरुषों की खामोश पीड़ा को नजरअंदाज कर दिया जाता है। दुर्भाग्य से हमारे देश में पति के पास पत्नी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए घरेलू हिंसा अधिनियम जैसा कानून भी नहीं है, पुरुषों का दर्द अनदेखा रह जाता है, इसके अलावा ज्यादातर पुरुष सेल्फ रिस्पेक्ट और समाज में इज्जत गिरने के चलते महिलाओं की शिकायत नहीं कर पाते।



बहुत से लोगों के लिए ये सोचना भी अविश्वसनीय है कि पुरुषों के साथ भी हिंसा होती है। वजह ये है कि पुरुषों को हमेशा से मजबूत और ताकतवर माना जाता है। घरेलू हिंसा की रिपोर्ट करने वाले पुरुषों को उनकी मर्दानगी की कमी या उनकी मर्दानगी के अन्य अपमान के संबंध में सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ सकता है। एक युवक ने मुझे बताया कि 'दो साल पहले उसकी उनकी शादी हुई थी, शुरूआत में पत्नी का व्यवहार अच्छा रहा, एक दो महीना बीतते ही पत्नी का असली चेहरा सामने आने लगा, पहले तो छोटी-छोटी बातों पर नोंकझोंक हुआ करती थी, फिर धीरे-धीरे नोकझोंक लड़ाइयों में बदलने लगी, युवक के मुताबिक, जब भी लड़ाई होती तो उस समय पत्नी गाली गलौज करने लगती, मारपीट तक करती, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां देती। युवक के मुताबिक जब मैंने ये सब पत्नी परिवार बालों को बताया तो लड़की को समझाने के बहाने परिजन अपने साथ ले गए और मायके जाकर हमारे परिवार की शादी शुदा बहिनों पर घरेलू हिंसा, दहेज जैसे केस लगा दिए। साल 2018 में व्हेन वाइफ बीट देयर हसबैंड, नो वन वांट्स टु बिलीव इट नामक शीर्षक से प्रकाशित लेख में कैथी यंग ने कई रिसर्च का जिक्र किया है कि वायलेंट रिलेशनशिप में महिलाओं के एग्रेसिव होने की आशंका पुरुषों जितनी ही है। कई आंकड़ों के मुताबिक, देश में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दो गुने से भी ज्यादा है। महिलाओं की तुलना में दोगुनी पुरुषों की आत्महत्या दर एक बड़ी चिंता की बात है। इसके पीछे तमाम कारणों में पुरुषों का घरेलू हिंसा का शिकार होना भी बताया जाता है।

# बिजनेस में निवेश का झांसा देकर युवक से ठगे 5 लाख रुपये

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में एक युवक से बिजनेस में मोटे मुनाफे का लालच देकर लाखों की ठगी और फिर जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंधुनगर कॉलोनी निवासी पंकज मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि कुछ माह पहले शाहजहांपुर के केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक भवानी प्रसाद मौर्य के जरिए उसकी जान-पहचान विपिन मौर्य नामक युवक से हुई थी। विपिन ने खुद को बड़ा कारोबारी बताया और अपने कथित पार्टनर आदित्य लुनावत (निवासी मुंबई) का नाम लेकर भरोसे में ले लिया।जिसके बाद दोनों ने पंकज को एक बड़े बिजनेस प्लान में निवेश करने का झांसा दिया और 5 लाख रुपये की मांग की। उनका भरोसा कर पंकज ने अपनी पत्नी के नाम पर लोन लेकर यह रकम दे दी। रुपये मिलते ही आरोपियों का असली चेहरा सामने आने लगा। विपिन और उसके भतीजे उत्सव ने एक फर्जी एग्रीमेंट बनवाकर पंकज से जबरन दस्तखत करवाए। इतना ही नहीं, उसके दो क्रेडिट कार्ड भी ले लिए और ट्रांजेक्शन की कोशिश की, जो असफल रहे। बाद में पंकज को पता चला कि उसे मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी क्यूनेट के जाल में फंसा दिया गया है। जिसके बाद पंकज ने जब रुपये वापस मांगे तो कई टालमटोल के बाद करीब 4.39 लाख रुपये लौटाए गए, लेकिन बाकी रकम कंपनी चार्जेस के नाम पर हड़प ली गई। जब पंकज ने सोशल मीडिया के जरिए इनकी पोल खोलनी शुरू की तो उसे आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं।पीड़ित ने बताया है कि उत्सव नामक युवक ने उसे व्हाट्सएप पर धमकी भरे मैसेज भेजे, जिनमें खुलेआम जान से मारने की बात कही गई और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई।

# जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसमें कॉलेज डायरेक्टर बी बी शर्मा ने छात्र छात्राओं को बताया कि स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करना है। और साथ ही बताया यह थीम माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है। जिसका उद्देश्य प्रेगनेंसी, डिलीवरी और पोस्टपार्टम केयर के समय उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की जरूरतों पर जोर देना है। हॉस्पिटल डॉक्टर आकाश कुमार गौतम ने बताया हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत का अहसास करवाता है। इस दिवस को पहली बार साल 1950 में 7 अप्रैल को मनाया गया था। परंतु इसकी शुरूआत साल 1948 में हुई थी क्योंकि इसी दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी।

इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य चंचल कुमार सैनी, डॉ तेजेंद्र शर्मा ,विशाल सिंघल, कोमल गोस्वामी, कन्हैया सैनी, नेहा, राहुल सिनसिनवार, विकाश यादव, रामकुमार सैनी, गुरुदेव, बलदेव सैनी, दीनदयाल, मनोज समाधियां आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# भागवत कथा में बेटी बचाओ अभियान की टीम को सम्मानित किया-हरीश चन्द्र आजाद



**वेलकम इंडिया**

**फरीदाबाद।** सैक्टर 9 के विवेकानन्द पार्क में भक्त सुनील गक्खड़ द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक श्री राम कुमार महाराज जी भक्तों को कथा व भजनों द्वारा आन्नदित कर रहे हैं। इस मौके पर बेटी बचाओ अभियान की टीम वासुदेव अरोड़ा चेयरमैन, हरीश चन्द्र आजाद राष्ट्रीय संयोजक व रमेश मक्कड़ राष्ट्रीय सचिव को पटका व माला पहनाकर कथावाचक श्री राजकुमार महाराज जी ने सम्मानित किया। वासुदवे अरोड़ा ने कहा कि भागवत कथा सुनने से इंसान के जीवन में भगवान का वास होता है और भागवत कथा सुनने से हमारी संस्कृति का हमें ज्ञान होता है इसलिये प्रत्येक मनुष्य को समय-समय पर भागवत कथा जरूर सुननी चाहिये। हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास होता है और भगवान के प्रति भक्ति गहरी होती है। भागवत कथा मनुष्य को मोक्ष की ओर ले जाती है, मन का शुद्धिकरण होता है व सभी दोष नष्ट हो जाते हैं इसलिये भागवत का ज्ञान मनुष्य को जरूर सीखना चाहिये।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सभी मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर जनरल डॉ. सुभाष गौतम ने श्रीलंका से आए सभी अतिथियों का पुनः स्वागत किया और उनकी संस्कृति का सम्मान करते हुए उन्हें धन्यवाद कहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार त्यागी और प्रशांत शर्मा रहे। विद्यालय के सचिव डॉ. रोहन सिंघल, प्रबंधक डॉ. आयुष सिंघल और प्रधानाचार्या डॉ. निधि मलिक ने मुख्य अतिथियों का स्वागत माला पहनकर और स्मृति चिन्ह देकर किया।श्रीलंका के मुख्य शिक्षा अधिकारी जनक कमल गोडा, टी के गुनातिलाके और नीलांथा इकनायाके को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। श्रीलंका से आए सम्मानित शिक्षकगणों ने अपने संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने की स्कूल समय परिवर्तन की मांग

**वेलकम इंडिया,**

**टाण्डा जिला रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, जनपद रामपुर के जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह एवं जिला महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना के नेतृत्व में मंगलवार को पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल नवागत बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कल्पना देवी से मिला। इस अवसर पर रामपुर की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक रामपुरी चाकू एवं बुके भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

संघ ने वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक करने हेतु जिलाधिकारी को नोट शीट भेजने के लिए बीएसए से निवेदन किया। बीएसए कल्पना देवी ने समय परिवर्तन हेतु शीघ्र कार्रवाई का पूर्ण आश्वासन दिया। इसके साथ ही बीएसए कार्यालय में लंबित चयन वेतनमान एवं प्रोन्नत वेतनमान के साथ-साथ विगत 16 वर्षों से लंबित एस-सी/एस-टी वर्ग के चयन वेतनमान के निस्तारण पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर खंड शिक्षाधिकारी ब्लॉक स्वार सुनील सक्सेना समेत संघ के प्रमुख पदाधिकारी कमर इस्हाक जव्वाद, रूप सिंह, सुभाष पांडे, राधेश्याम, चिंतामणि गंगवार, प्रीती सिंह, नीतू सिंह, छत्रपाल सिंह, संजय प्रधान, जसवंत सिंह, मुस्तफा अली, सरदीप गौतम, जयप्रकाश सिंह, होरी लाल राजपूत, नजाकत अली, जितेंद्र गंगवार, अरविंद गंगवार, हिमेंद्र प्रताप, रामदेव गंगवार, उजमा फारूख, उपमा रानी, मुनीश चन्द्र, इफ्तेखार, मुख़्तार अहमद, नंदराम कोरी, विनोद कुमार, अमित सक्सेना, प्रेमचंद, धीरेन्द्र कुमार, महेशपाल, अय्यूब खान, मेघाकांत मिश्रा, नफासत अली, राहुल शर्मा, सतीश रुहेला आदि मौजूद रहे।



# पुलिस के हाथ चढ़े दो मादक पदार्थ तस्कर, मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सलेमपुर मार्ग स्थित एक आम के बाग के समीप चेकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है पुलिस ने पकड़े गए मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से कच्ची शराब एवं चरस बरामद की है पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर दोनों तस्करों को जेल भेज दिया है। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने सभी थाना प्रभारियों को अपने–अपने क्षेत्र से मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए तस्करों को पकड़ने के निर्देश दे रखे हैं। मंगलवार सवेरे पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित एक आम के बाग के निकट मादक पदार्थों की तस्करी होने वाली है पुलिस ने मुखबिर के बताए गए स्थान पर संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस ने दो युवकों को अपनी ओर आती दिखाई दिया। पुलिस ने रोक कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो दोनों युवक भागने लगे पुलिस ने भाग दौड़ करते हुए दोनों को पकड़ लिया तलाशी लेने पर एक के कब्जे से चरस तो दूसरे के कब्जे से रेक्टिफाइड कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ करने पर पकड़े गए दोनों युवकों ने अपने नाम सादिक,उर्फ मुस्द्दा निवासी सलेमपुर मार्ग एवं दुसरे ने निसार थल अशरफबाद थाना रमाला जिला बागपत बताया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसो.की बैठक में दयाचंद वर्क बोले- मेरठ प्रेस क्लब में सभी पत्रकारों का समावेश होना जरूरी

वेलकम इंडिया





**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार । मेरठ।** मंगलवार को सर्किट हाउस में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की बैठक बुलाई गई इस बैठक में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पत्रकार पदाधिकारियों ने भाग लिया मुख्य मुद्दा मेरठ प्रैस क्लब में सभी पत्रकारों के समावेश होना जरूरी है। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए जिला स्तर पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार को सचिव व विपिन हरित को महामंत्री बनाया गया।

सर्किट हाउस में सुबह 10 बजे बुलाई गई बैठक लगभग दो घंटे चली। जिसकी अध्यक्षता संजीव तोमर व संचालन शिव कुमार ने किया। बैठक में पत्रकार संगठन में नये साथियों का परिचय कराते हुए संगठन में जिम्मेदारी सौंपी गई इस अवसर पर पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क को प्रदेश नागरिक निगरानी समिति में शामिल किए जाने पर सभी पत्रकार साथियों ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री वर्क ने संगठन में नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने कहा अब आप अकेले नहीं बहुसंख्यक हो गये है । संगठन सबका है पदाधिकारियों को एक आम सदस्य बनकर कार्य करना है और पत्रकारिता के माध्यम से समाज को नई दिशा की ओर बढ़ने में सहयोग करना है वहीं उन्होंने मेरठ प्रेस क्लब नव कार्यवाहक समिति सदस्य रवि शर्मा व विनोद गोस्वामी को सुझाव दिया कि प्रैस क्लब में सभी पत्रकारों का समावेश होना जरूरी है। बैठक में ग्रामीण अंचल पत्रकार एसोसिएशन के नाम को लेकर प्रदेश संरक्षक श्रीकांत अस्थाना ने इस संशय को दूर करते हुए बताया इसका अर्थ पुरा देश है क्योंकि शहर की जड़ें गांवों में ही है देश का अस्सी प्रतिशत जीवन गांवों में है। उन्होंने कहा अगर नाम परिवर्तन की आवश्यकता होगी तो बैठकर तय किया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने नए कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में संगठन का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है और शीघ्र ही भंग करी गई प्रदेश कार्यकारिणी में योग्य पत्रकार साथियों का समावेश किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक दया चंद्र वर्क , मनोज कुमार कश्यप, प्रदेश संरक्षक रवि शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेश कुमार ,प्रदेश संगठन मंत्री रामबाबू दुबे, प्रदेश सचिव अभिषेक द्विवेदी, क्षेत्रीय प्रभारी उदयवीर सिंह, विनोद गोस्वामी,क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष, पंकज शर्मा, अशोक कुमार,जाकिर तुर्क , प्रमोद तेवतिया, राजवीर सिंह मलिक, अनिल कुमार विश्वकर्मा, विपिन कौशिक ललित सिंह हरविंदर सिंह मोहम्मद शाकिर फरीदी आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में ई- पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**बुलंदशहर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग, कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज, बुलन्दशहर द्वारा टइइर 2024 बैच के बीच एक ई- पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 20 पोस्टर ₹स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य₹ थीम पर प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. प्रोफेसर मनीषा जिंदल ने छात्रों को अपना संदेश दिया। डॉ. पूजा रस्तोगी, डॉ. फतेह अली मोहम्मद और डॉ. सुमित गर्ग प्रतियोगिता के निर्णायक थे।

इसके अतिरिक्त, एक संगोष्ठी का आयोजन आयुष्मान आरोग्य केंद्र, बीसा कॉलोनी, बुलंदशहर में आशा कार्यकताओं के साथ किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता ने की। टडकउ डॉ. प्रवीन चंद्रा भी इस सत्र का हिस्सा थे और उन्होंने भी संदेश दिया। आयुष्मान आरोग्य केंद्र बीसा कॉलोनी के फार्मासिस्ट श्री सुधीर शर्मा और वठकउएत्र के प्रतिनिधि राम सिंह भी संगोष्ठी में सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. शिवानी सिंह, डॉ. तूबा तनवीर, डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, डॉ. औसाफ और डॉ. स्वाति दोनों आयोजनों का हिस्सा थे।

# राष्ट्रीय गौरव सम्मान से नवाजे गए वरिष्ठ पत्रकार अजय चौधरी




वेलकम इंडिया

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार । नई दिल्ली।** राजधानी स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में वर्तमान युग मीडिया हाउस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद् श्री अजय चौधरी को राष्ट्रीय गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समारोह में देश के विभिन्न कोनों से आए 50 से अधिक विशिष्ट व्यक्तित्वों को समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, पत्रकारिता, पर्यावरण, एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विविध क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। एमआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के मीडिया हेड, उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश सचिव एवं उपज पत्रकार संगठन मेरठ के अध्यक्ष श्री अजय चौधरी को शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके निरंतर एवं समर्पित योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। पिछले 15 वर्षों से श्री चौधरी पत्रकारिता के माध्यम से जनहित के मुद्दों को उठाते आ रहे हैं और शिक्षा जगत में भी सकारात्मक पहल कर युवाओं को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस सम्मान समारोह में फिल्म सिटी नोएडा के संस्थापक डॉ. संदीप मारवा, आध्यात्मिक गुरु स्वामी दीपांकर, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के राष्ट्रीय सचिव स्वामी नरेंद्रानंद, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत पदाधिकारी स्वामी दयालुजी महाराज, पश्चिम बंगाल से सांसद जगन्नाथ सरकार, उत्तराखंड के पूर्व राज्य मंत्री राम कुमार वालिया तथा पत्रिका के संपादक विशाल कौशिक सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। अजय चौधरी को यह सम्मान प्राप्त होने पर पत्रकारिता जगत, शिक्षा क्षेत्र एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उनके इस उपलब्धि से मेरठ एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश के पत्रकारों में हर्ष और गर्व की लहर है।

# भगवान महावीर स्वामी के संदेश और अपरिग्रहवाद

वेलकम इंडिया



महावीर स्वामी के वचन या उनकी प्रेरक वाणी सम्पूर्ण मानवीय जीवन दर्शन या जीवन-संस्कृति से अनुगुंजित है, जो मुख्यतया अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकान्त की त्रयी पर आधारित है। महावीर स्वामी के वचनों के अनुसार दृष्टि निपुणता तथा सभी प्राणियों के प्रति संयम ही अहिंसा है। दृष्टि निपुणता का अर्थ है सतत जागरुकता तथा संयम का अर्थ है मन वाणी और शरीर की क्रियाओं का नियमन। जीवन के स्तर पर जागरुकता का अर्थ तभी साकार होता है, जब उसकी परिणति संयम में हो। संयम का लक्ष्य तभी सिद्ध हो सकता है, जब उसका जागरुकता द्वारा सतत दिशानिर्देश होता रहे। लक्ष्यहीन और दृष्टिगत संयम अर्थहीन काया क्लेश मात्र बनकर रह जाता है।

महावीर स्वामी के सन्देशों में प्रतिबिम्बित श्रमण संस्कृति के संदर्भ में, ज्ञान दृष्टि के आधार पर जीवन चर्चा का संयमन ही तात्विक संयम है। जीवन चर्चा के संयमन के बिना मानव जाति में एकता की प्रतिष्ठा तथा विलास वैभव का नियंत्रण सम्भव नहीं। एकता और समता, संयम और नियंत्रण के अभाव की स्थिति में हिंसा की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलता है, जिससे जनता का दुःख बढ़ता है। इसलिए महावीर स्वामी ने दूसरों के दुःख को दूर करने की धर्मवृत्ति को अहिंसा धर्म कहा है 'परस्स अदुक्खकरणं धम्मो।' (वसुदेवहिण्डी) महावीर स्वामी ने अपनी वाणी से सम्पूर्ण मानव जाति को एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा है जन्म से कोई किसी जाति का नहीं, कर्म से उसकी जाति का निर्धारण होता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय और शूद्र ये सब जन्मना नहीं, कर्मणा होते हैं (उतराध्ययन सूत्र)। तात्पर्य यह कि कर्म की शुचिता और अशुचिता के आधार पर ही मनुष्य की उच्चता या नीचता निर्भर होती है। उसमें जन्म से हीन या उच्च जैसा भाव नहीं है। प्रत्येक वाणी, चाहे वह छोटा-सा कीड़ा हो या आदमी, आत्मसत्ता के स्तर पर समान है, उसमें अनुर्निहित सम्भावनाएं समान हैं। महावीर के वचनों में अनुध्वनित अपरिग्रह तथा अहिंसा के संदेश मनुष्य की वर्तमान आर्थिक और सामाजिक आकांक्षाओं को ऊपर उठाने में अधिकाधिक कामयाब सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने अपरिग्रह के व्रत पर इसलिए बल दिया है कि वह जानते थे कि आर्थिक असमानता और आवश्यक वस्तुओं का अनुचित संग्रह सामाजिक जीवन को विघटित करने वाला है। महावीर स्वामी ने ऐसे समाज घातक परिग्रहवाद के विरोध में आवाज उठाई और अपरिग्रह के सामाजिक मूल्य की स्थापना की। 'परस्परोग्रहों जीवानाम्' अर्थात् जीवों के प्रति परस्पर उपकार की भावना ही उनकी साधना का लक्ष्य था और उसका प्रतिफलन उनके मूल्यवान वचनों में हुआ है।

महावीर स्वामी का वचन है कि सत्य अनन्तमुख है। अपने को ही एकान्तिक रूप से सही मानना और दूसरे को गलत समझना सत्य का अनादर करना है।

# योगी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव अभियान के अंतर्गत महिला लाभार्थी योजना कार्यक्रम महिला जिला अस्पताल में संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया





**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ।** जिसमें मुख्य अतिथि सदस्य उत्तर प्रदेश महिला आयोग डॉक्टर मीनाक्षी भराला जी एवं शहर विधानसभा प्रत्याशी कमल दत्त शर्मा रहे। महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ मीनाक्षी सिंह एवं मुख्य अतिथि कमल दत्त शर्मा, मीनाक्षी भाराला ने सभी महिला लाभार्थियों को चश्मे, आयुष्मान कार्ड , सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । कमल दत्त शर्मा कार्यक्रम में बोले हमारी सरकार महिला उत्थान महिला सुरक्षा एवं महिलाओं के लाभकारी योजनाओं को लेकर सक्रियता और पारदर्शिता के साथ भाजपा सरकार कार्य कर रही है जिससे महिलाओं को सीधा फायदा मिल रहा है कार्यक्रम संयोजक श्रीमती नूपुर जौहरी अभियान संयोजक मनोज वर्मा रहे। कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती गीता शर्मा विजयलक्ष्मी शर्मा निर्मला लोधी मीडिया प्रभारी विक्रम शर्मा हिमांशु गर्ग संदीप रेवड़ी अंकुर गोयल आदि रहे।

# शिकारपुर तहसील के नवागत तहसीलदार बने गौरव बिश्नोई संभाला कार्यभार

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर /बुलंदशहर/शिकारपुर** तहसील के नवागत तहसीलदार बनें गौरव बिश्नोई जिन्होंने सोमवार को तहसील का संभाला कार्यभार।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बुलंदशहर में गौरव बिश्नोई की पहली पोस्टिंग हुई है इससे पहले रामपुर जनपद की स्वार तहसील में तहसीलदार के पद पर तैनात थे अब उनका तबादला जनपद बुलंदशहर में हुआ है डीएम बुलंदशहर श्रुति शर्मा ने गौरव बिश्नोई को शिकारपुर तहसील में तहसीलदार का दायित्व सौंपा है। शिकारपुर तहसीलदार ज्योत्सना सिंह का दबादला करीब 7 माह पूर्व डिबाई तहसील में हुआ था जब से शिकारपुर तहसील का तहसीलदार का पद रिक्त चल रहा था लेकिन कार्यवाहक/प्रभारी तहसीलदार के रूप में नायब तहसीलदार विपिन वर्मा तहसीलदार के पद पर कार्य देख रहे थे अब कई माह के लंबे समय के बाद तहसीलदार के रूप में गौरव बिश्नोई को शिकारपुर तहसीलदार बनाया गया है। तहसीलदार ने पत्रकारों को बताया है कि तहसील में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार सुनकर निपटारा किया जाएगा क्षेत्र में खनन माफियाओं को नहीं पनपने नहीं दिया जाएगा।

# मेरठ हत्याकांडः मां बनने वाली है जेल में बंद मुस्कान, प्रेग्नेंसी रिपोर्ट आई पॉजिटिव

वेलकम इंडिया



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार । मेरठ।** मेरठ में प्रेमी साहिल संग मिलकर पति सौरभ की हत्या करने वाली मुस्कान मां बनने वाली है। मुस्कान इन दिनों पति की हत्या के आरोप में जेल में बंद है। पिछले कुछ दिनों से मुस्कान की तबीयत खराब चल रही थी।

यूपी के मेरठ में प्रेमी साहिल संग मिलकर पति सौरभ की हत्या करने वाली मुस्कान मां बनने वाली है। मुस्कान इन दिनों पति की हत्या के आरोप में जेल में बंद है। पिछले कुछ दिनों से मुस्कान की तबीयत खराब चल रही थी। मुस्कान को आए दिन पेट में दर्द और उल्टियों की शिकायत थी। इसके बाद जेल प्रशासन ने मुस्कान की जांच के लिए पत्र लिखा था। सोमवार को जिला अस्पताल से एक टीम जेल पहुंची और मुस्कान की प्रेग्नेंसी टेस्ट की गई। प्रेग्नेंसी टेस्ट में में रिपोर्ट पॉजिटिव निकली। जेल प्रशासन ने बताया कि मुस्कान अब ठीक है। उसे कोई गंभीर समस्या नहीं है। बतादें कि हत्याकांड के बाद मुस्कान को जब जेल लाया गया था तो भी मुस्कान की प्रेग्नेंसी टेस्ट की गई थी, लेकिन उस समय रिपोर्ट निगेटव आई थी, लेकिन अब पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। मुस्कान की बिगड़ी तबीयत देखकर जेल प्रशासन ने लिखा था पत्र प्रेमी के साथ मिलकर पति सौरभ राजपूत की नृशंस हत्या करने की आरोपी मुस्कान की तबीयत खराब देखकर जेल प्रशासन ने पत्र लिखा था। पत्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ की मांग की थी। साथ ही प्रेग्नेंसी टेस्ट की भी बात कही गई थी। जेल प्रशासन ने बताया था कि मुस्कान के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही है। कई दिन से मुस्कान को उल्टियां हो रही हैं और चक्कर आ रहे हैं। ऐसे में जेल के चिकित्सकों ने मुस्कान का उपचार स्त्री रोग विशेषज्ञ से कराने की पैरवी की थी।

# उड़ान एक पहल ने किया शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड 2025 का आयोजन

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली। विवेक जैन।** उडान एक पहल फाउन्डेशन और शहीद भगत सिंह बिग्रेड के संयुक्त तत्वाधान में सिविल लाईन दिल्ली स्थित शाह आडिटोरियम में शहीद भगत सिंह अंतराष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड-2025 का भव्य आयोजन किया गया। अवार्ड समारोह में मेजर जनरल डाक्टर जीडी बक्शी, राष्ट्रीय कवि गजेन्द्र सोलंकी, यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के जय भगवान गोयल, किरोडी मल कॉलेज के प्रोफेसर दिनेश खट्टर, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के कमाडेंट अनिल कुमार अकरनिया, आर्य भट् कॉलेज के प्रोफेसर मनोज सिन्हा व प्रोफेसर पायल मग्गो ने मुख्य अतिथि व बंसत गोयल, हर्षा रिछारिया, सुमित त्यागी गुरूजी और इंटरनेशनल हुमन राइटस प्रोटेक्शन काउंसिल के चेयरमैन डॉ टीएम ओंकार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के आयोजक और उडान एक पहल फाउन्डेशन के चेयरमैन डाक्टर दीपक मित्तल ने आये हुये सभी अतिथिगणों का फूलमाला पहनाकर, शॉल औढाकर, पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर इंटरनेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत सहित लगभग 200 से अधिक देशभक्तों, समाजसेवियों को मेड़ल पहनाकर, शॉल औढ़ाकर, मोमेन्टो व प्रमाण-पत्र प्रदान कर शहीद भगत सिंह अंतराष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड-2025 से पुरस्कृत किया गया।

# जनता कॉलेज ऑफ फामेर्सी में क्रिकेट टूनार्मेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला : डॉ यूनुस

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** जनता कॉलेज ऑफ फामेर्सी में पिछले दो दिनों से चल रही अंतरविभागीय क्रिकेट श्रृंखला का फाइनल मुकाबला बी.फार्मा तृतीय वर्ष और चतुर्थ वर्ष की टीमों के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में बी.फार्मा तृतीय वर्ष की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 184 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष की टीम 144 रन ही बना सकी। मैच के दौरान बी.फार्मा तृतीय वर्ष के छात्र आफताब आलम ने मात्र 40 गेंदों में 113 रनों की तूफानी पारी खेली, वहीं बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष की ओर से मोहम्मद कैफ ने 43 गेंदों में 122 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। पूरा मुकाबला अत्यंत रोमांचक और मनोरंजक रहा. जिसमें खिलाड़ियों की खेल भावना और प्रदर्शन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मैच के समापन पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद यूनुस, एवं प्रबंधक हाजी जियाउद्दीन द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पूरा टूनार्मेंट फामेर्सी विभाग के टीचर्स ईशान उल हक हाशमी, शिव कुमार, मुस्कान मानसी, एवं सत्यम राजपूत आदि का सहयोग रहा।

# गांव राखी शाहपुर में डॉक्टर अंबेडकर की तस्वीर की बेअदबी के मामले में एससी संगठनों व ग्रामीणों ने किया हांसी लघु सचिवालय में जबरदस्त रोष प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**हांसी ।** नारनौंद उपमण्डल के गांव राखी शाहपुर में डॉक्टर बीआर अंबेडकर व भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद तथा गांव के दलित सरपंच मनीष कुमार की तस्वीरों पर किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर अपमान करने की नीयत से कालिख पोतने के मामले में आज लघु सचिवालय में सैकड़ो की संख्या में गांव राखी शाहपुर के दलित ग्रामीण तथा दलित संगठनों के लोग इकट्ठा हुए तथा हांसी की पुलिस की कार्यशैली के विरोध में नेशनल अलायन्स फॉर दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक रजत कल्सन के नेतृत्व में जबरदस्त रोष प्रदर्शन किया तथा हरियाणा पुलिस तथा हरियाणा सरकार के विरोध में जबरदस्त नारेबाजी की इस मोके पर पुलिस प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात किया था। प्रदर्शन कारियों को संबोधित करते हुए अधिवक्ता रजत कलसन ने कहा की हरियाणा में पुलिस की शह पर दलितों के साथ अत्याचार में उत्पीड़न की घटनाएं हो रही है तथा दलितों पर अत्याचार के मामले में हरियाणा पुलिस दूसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि एक जातिवादी मानसिकता के पुलिस अधिकारी जो नारनौद थाना का एसएचओ है उसने सरेआम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए यह कह दिया कि गांव राखी शाहपुर में डॉक्टर अंबेडकर की तस्वीर की बेअदबी के मामले में कोई मुकदमा नही बनता तथा शिकायतकर्ता की दरखास्त पर कोई कार्रवाई नहीं की जबकि इस मामले में एससीएसटी एक्ट की धारा 3(1)(टी) के तहत मुकदमा ईजाद होता है। इसके बाद सभी प्रदर्शनकारी जुलूस के रूप में लघु सचिवालय के अंदर घुसने की कोशिश करने लगे, यहां पर पहले से ही भारी पुलिस बल मौजूद था।

# स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिला प्रदर्शनी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** भाजपा गाजियाबाद जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह के नेतृत्व में स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिला प्रदर्शनी का आयोजन जिला कैंप कार्यालय कारवां बैंकट हॉल लोनी में हुआ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह ने जानकारी दी कि भाजपा संगठन द्वारा पूरे भारतवर्ष में स्थापना दिवस मनाया जा रहा है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज भाजपा जिला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में भाजपा की स्थापना से लेकर वर्तमान स्थिति तक प्रकाश डाला गया है ।साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना था कि हम उन्नति करेंगे, हम एक होंगे, हम ऐसे देश में रहेंगे जिसका भाग्य केवल उसके बच्चों के हाथ में होगा । पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था कि आज का विरोधी कल हमारा मतदाता बने। कल का मतदाता परसों हमारा सदस्य और परसों का सदस्य हमारा सक्रिय कार्यकर्ता बने साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय का देखा हुआ सपना आज पूरा हुआ । भाजपा पूरे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है । आज भाजपा के पूरे विश्व भर में सबसे ज्यादा सदस्य हैं इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल डॉ परमिंदर जांगड़ा जितेंद्र चितौरा आकाश गौतम शिवनंदन शर्मा देवेंद्र डायमंड संतोष मिश्रा राहुल बैसला अश्वनी कुमार नीरज कुमार विजय भाटी सहित पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# सपा व बसपा' कांग्रेस व एआईएएम पार्टियों के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी रालोद में हुए शामिल



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** जनपद गाजियाबाद के नाहल गांव में रालोद के वरिष्ठ नेता व प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के प्रयास से सपा व बसपा' कांग्रेस व ए.आई.ए.एम पार्टियों के सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने इदरीश प्रधान जी व रालोद के जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह' प्रदेश सचिव रणबीर दहिया' जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया की उपस्थिति में सभी ने रालोद का दामन थामा।जिसमें मुख्यतः हाजी फतेह' हाजी अकबर' हाजी बल्ली' हाजी शब्बीर' हाजी कामिल हाजी जाहिद' हाजी नूर इलाही' हाजी शाहिद' हाजी इरफान बीडीसी' बीडीसी नूरेन' बीडीसी मोहसिन आलम' यासीन अली' यामीन' नसीम' मोहम्मद हनीफ शाह नजर इरफान' मोहम्मद रिजवान' रियासत खान' ताहिर अली' वाहिद अली' इस्लाम खान' फिरोज खान' रफत अली' आसिफ अली' फरियाद' इरफान बीडीसी' लियाकत अली' आस मोहम्मद' जिशांत' तौसीफ अली' रिजवान' अनीश' कसर कसार सिराज अली शफीक अली' मेराजुद्दीन' मोहम्मद अफजल' खलील' सोनू' जुबेद खान' फिरोज खान' मोहम्मद हसन' मुबारक अली' खुर्शीद' जमशेद अली' यूनुस अली' फिदा हुसैन' शौकीन' अनवर मोहम्मद' नौशाद अली' आबिद अली' फरमान व इरफान आदि ने आज राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।

# श्री बालाजी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** श्री बालाजी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ समारोह के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री बालाजी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ के मौके पर श्री शिव दुर्गा खाटू श्याम मंदिर महेंद्रपुरी परिसर में पूजा अर्चना के बाद मनोज गोयल परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मनोज गोयल ने अपने परिवार सहित श्रद्धालु भक्तजनों को प्रसाद ग्रहण कराया। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, पूर्व सभासद अरुण खन्ना, मनोज कुमार गोयल परिवार सहित, गगन दुआ, रोहित गोयल, मनीष, योगेश विश्नोई,मयंक शर्मा, बोबी, भोला, अजय रोहिल्ला, नरेंद्र शर्मा, अर्व व अजय सिंघल आदि भक्तजन उपस्थित थे।

# बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल चैंपियनशिप का आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** 44 वी सब जूनियर बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल चैंपियनशिप ( जोन 1 ) का आयोजन एस.डी. पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में किया गया। उद्घाटन शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल व वीरपाल मलिक सलाहकार कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी ने की और अध्यक्षता शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष श्री रामपाल चौधरी, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री जीत राज तोमर,, साहिबाबाद पार्षद श्री हिमांशु चौधरी, झंडापुर पार्षद श्री भूपेंद्र भारद्वाज, संरक्षक चौधरी धर्मपाल सिंह, मदनपाल सिरोही, आर. के. पावर,गजेंद्र आर्य, वीरेंद्र इंडोलिया,अनुज राठी, गुलशन भामंबरी उपस्थित रहे। बालक वर्ग में मेरठ ने गाजियाबाद को 21-19, 18-21, 23- 21 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गाजियाबाद दूसरे स्थान पर तथा मुजफ्फरनगर जनपद तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में गाजियाबाद ने मुजफ्फरनगर को 21-15, 21-18 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया मुजफ्फरनगर द्वितीय तथा गाजियाबाद देहात तृतीय स्थान पर रहे ।प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम 44वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप दिनांक 26 व 27 अप्रैल 2025 को वाराणसी में प्रतिभाग करेगी। शूटिंग बॉल फेडरेशन के फाउंडर चौधरी धर्मपाल सिंह ने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किये।

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मधुर भारद्वाज आजाद अधिकार सेना पार्टी के जिलाध्यक्ष के बैनर तले ग्राम याकूत पुर मवी में एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर वैभव त्यागी नेत्र विशेषज्ञ द्वारा आँखों की विभिन्न प्रकार की जाँच मुफ्त में की गई, वह दवाइयां वितरित की गई। जिसके गाँव के व आस पास के गाँव के बड़े बुजुर्गों ने अपनी आँखो की समस्या से निजात पाया।मधुर भारद्वाज जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह जगह जगह ऐसे चिकित्सा कैम्प कराते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे । जिससे गरीब लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां होती है उसमे मदद मिले।




## भाजपा निवाड़ी कार्यालय पर स्थापना दिवस मनाया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** देहात मंडल में निवाड़ी कार्यालय पर स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यकताओं में भारत माता, भाजपा के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए जिसमें मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी किसान मोर्चा जिला मंत्री संजय त्यागी इंद्रजीत लाला नरेंद्र त्यागी,मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी सेक्टर संयोजक रजनीश त्यागी पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश त्यागी आदि कार्यकताओं ने पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया और कहा कि पार्टी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है।

# कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय हनुमंत कथा शुरू

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर की दो सामाजिक संस्थाओं वरिष्ठ नागरिक संस्था समिति एवं पूर्व सैनिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में श्री हनुमंत जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यहां छतरी वाले पौराणिक शिव मंदिर में प्रारंभ होने वाली श्री हनुमंत कथा आज मंगलवार से भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। कलश यात्रा यहां कथा स्थल से प्रारंभ हो कस्बा रोड, आनंदीपुरा व गुरूद्वारा रोड से होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची।

कलश सिर पर धारण कर पीत वस्त्रधारी महिलाओं के साथ अन्य श्रद्धालुजन धार्मिक भजन गाते चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालु हनुमंत भक्तों ने कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर अपनी आस्था का परिचय दिया। बैण्ड बाजों पर मधुर धार्मिक भजनों पर श्रद्धालुजन नाचते गाते चल रहे थे। विख्यात कथा व्यास पं0 अरविंद्र भाई ओझा ने प्रथम दिन कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि हरिकथा की सार्थकता तभी है, जब हम हरिकथा के पात्रों के आदर्शो को जीवन में उतारें। आत्मावलोकन करें तथा दूसरों की कमियों अथवा बुराइयों की अपेक्षा अपने भीतर छिपी बुराइयों को जानें व उन्हें दूर करें। श्रीराम के अन्यत्र भक्त मारूति नंदन हनुमान जी का संगीतमय शैली में गुणगान करते हुए ओझा जी ने कहा कि देश में पनप रही आसुरी प्रवृतियों के सफाए के लिए हनुमान जी की भांति हर भारतीय वीर साहसी, धैर्यवान, सच्चा मित्र व परोपकारी बनें तथा समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित हो। इस अवसर पर संयोजक ब्रजभूषण अग्रवाल, रामेश्वर दयाल गुप्ता, वेदप्रकाश गौड, विजय पाल गुप्ता, देवेंद्र, रामअवतार गोयल, दिनेश शर्मा, अविनाश कंसल, महेश तायल, विरेंद्र गुप्ता, सुनील त्यागी, धीरेंद्र शर्मा, राकेश तोमर, राजपाल कश्यप, पं0 चतुर सैन भारद्वाज, अजय माहेश्वरी एडवोकेट सहित अन्य कई श्रद्धालु श्रोतागण मौजूद थे।

# वीर मंगल पांडे व बंकिम चंद्र चटर्जी की पुण्य तिथि मनाई : देवेंद्र सिंह

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर :** राजा का ताजपुर के निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के प्रसिद्ध विद्यालय एम.डी इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल, रवाना शिकारपुर में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी वीर मंगल पांडे तथा अपनी लेखनी से भारत में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ प्रचार करने वाले बंकिम चंद्र चटर्जी (चटोपाध्याय) की पुण्य तिथि पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने भारत माता के वीर सबूतों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रबन्धक महोदय ने अपने संबोधन में मंगल पांडे के द्वारा अंग्रेजी सेना के विरोध के कारण तथा उनके द्वारा किए गए कार्यो का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि हम उनके महान त्याग के लिए उनके सदैव आभारी रहेंगे। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए अपने प्राणों का त्याग करने वाले प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे। प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने बताया कि महान कवि और भारत के राष्ट्रीय गीत के रचियता बंकिम चंद्र चटर्जी ने किस प्रकार से अपनी साहित्यक रचनाओं के द्वारा भारत के जनमानस में राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने का कार्य किया। विद्यार्थियों में लव कुमार, श्रद्धा सैनी, कार्निका ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। अनूप त्यागी तथा प्रिंस कुमार राणा ने संक्षेप में विद्यार्थियों को दोनों ही महान विभूतियों के जीवन से कुछ प्रेरणा स्त्रोत घटनाक्रम के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को उनके कार्यो से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

# प्राथमिक विद्यालय शिवाला खुर्द मे नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** प्राथमिक विद्यालय शिवाला खुर्द ब्लॉक नूरपुर जनपद बिजनौर में नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26(प्रवेश उत्सव) शुभारंभ के अवसर पर प्रधानाध्यापक रोहिताश सैनी जो किसी परिचय के मोहताज नहीं है, अनुभव के धनी, इस प्रचंड गर्मी में भी हमारे और बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए ₹ स्कूल चलो अभियान₹ की रैली में शामिल होकर हमारा उत्साहवर्धन बढ़ाते हुए तथा विद्यालय के शिक्षक पुनीत कुमार अशोक कुमार व स्कूल रसोईया द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली की शुरूआत की गई। व नव प्रवेशी बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया गया ह्न ₹यह नया सत्र, नई संभावनाओं और अवसरों का प्रतीक है। आइए, हम सभी मिलकर एक बेहतर भविष्य का निर्माण करें। ₹हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकें। मैं सभी बच्चों को प्रोत्साहित करता हूँ कि वे अपनी पूरी क्षमता से पढ़ाई करें और जीवन में सफल बनें, आइए, हम सभी मिलकर बच्चों को शिक्षित करने और उन्हें एक बेहतर नागरिक बनाने में सहयोग करेंह्न मुझे विश्वास है कि इस नए सत्र में हम सभी मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। ₹स्कूल चलो अभियान₹ के अंतर्गत पूरे गांव शिवालाखुर्द में घूम घूम कर स्लोगन तख्तियों, शिक्षा प्रेरक व देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के साथ रैली निकाली तथा ग्राम निवासियों से सम्पर्क करके अपने विद्यालय में बच्चों के प्रवेश करवाने हेतु प्रेरित किया।

# मंदीप सिंह मिस्टर फेयरवेल व माही चौधरी मिस फेयरवेल चुनी गई

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** आर आर पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 के छात्र एवं छात्राओं को सहर्ष विदाई दी गई। मंदीप सिंह मिस्टर फेयरवेल तथा माही चौधरी मिस फेयरवेल चुनी गई।

स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा को विदाई देने के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता, प्रबंधिका दीपा गुप्ता, डायरेक्टर प्राची गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कक्षा 11 के छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार आयोजन कर सबका मन मोह लिया। स्कूल के चेयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता व प्रबंधिका दीपा गुप्ता के निर्देशन में मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कक्षा बारहवीं के छात्र - छात्राओं को फूल माला पहना कर विदाई दी गई। विदाई लेने वाले छात्र - छात्राओं ने अपने शिक्षकों से मिली सीख एवं संस्कारों को याद किया। साथ ही अपने शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त कर जीवन में शानदार प्रदर्शन से स्कूल और अपने गुरू जनों का मान बढ़ाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं भेंट करतें हुए कहा कि आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत और लगन के साथ दी गई परीक्षा के परिणाम आपके अनुरूप हो ऐसी हम सबकी की कामना है। अब आप छात्र - छात्राएं अपने भविष्य को संवारने और उसे उज्जवल बनाने के लिए तब तक निरंतर प्रयास करते रहें जब तक कि आपको आपका अपना लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। स्कूल हमेशा आपकी तरक्की और उन्नति के लिए कामना करता रहेगा। कार्यक्रम में तोहशी अहमद को मिस्टर स्पार्क तथा सृष्टि त्यागी को मिस स्पार्क चुना गया। स्कूल की प्रबंधिका दीपा गुप्ता व डायरेक्टर प्राची गुप्ता ने स्कूल द्वारा चुने गए स्पार्क और फेयरवेल को स्मृति चिन्ह भेंट कर व ताज पहनाकर अपनी शुभकामनाएं भेंट की।

# शराब के ठेके के विरोध में संजय नगर में व्यापारियों ने किया बाजार बंद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** संजय नगर सेक्टर 23 व्यापार मंडल के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारियों ने और स्थानीय निवासियों के द्वारा मंगलवार को संजय नगर सेक्टर-23 डी1 शराब के ठेके के विरोध में एक ज्ञापन जिला अधिकारी दीपक मीणा को सोपा गया।

1 अप्रैल से लागू हुई नई शराब नीति के बाद गाजियाबाद में शराब के ठेकों का आवंटन हुआ था, जिसका पूरे शहर में विरोध देखने को मिल रहा है, विरोध करने वाले व्यापारी व स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यह नए शराब के ठेके नियमों के विरुद्ध स्कूल व मंदिर के नजदीक खोले जा रहे है, आज यह विरोध संजय नगर था जा पहुंचा। संजय नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गोयल ने बताया कि संजय नगर सेक्टर 23 की में 50 मीटर की दूरी पर मंदिर है स्कूल है अस्पताल से सुनार की दुकानें हैं और ठेका खोलने के मानकों को को छुपाया गया है रोजाना महिलाएं और स्कूल की बच्चों का आवागमन उसे रास्ते से होता है।

# कर तथा करेत्तर से निगम ने पिछले वर्ष के सापेक्ष की 60 प्रतिशत अधिक वसूली

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। शहर के विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए नगर निगम कड़ी मेहनत कर रहा है। जिसमें देखा जा रहा है कि पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा लगभग 60 प्रतिशत की अधिक वसूली की गई ह, जो की सराहनीय है। जिस पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा टैक्स विभाग टीम की सरहाना की गई और जोनल प्रभारी को बेहतर कार्य करने पर शाबाशी दी गई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट नगर आयुक्त की समक्ष प्रस्तुत की गई। जिसमें दशार्या गया कि पिछले वर्ष टैक्स विभाग द्वारा 354 करोड़ की वसूली की गई थी जो कि इस बार 60 प्रतिशत तक बढ़ी है। जिसमें 619 करोड़ की वसूली इस वित्तीय वर्ष में टैक्स विभाग द्वारा की गई है। 265 करोड़ की वसूली अधिक की गई है अवगत कराया गया, बैठक में सभी जोन के जोनल प्रभारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इस बार बेहतर टैक्स वसूली तथा नॉन टैक्स वसूली की गई है। 350 करोड़ हाउस टैक्स वसूली हुई है और लगभग 270 करोड़ की करेत्तर से वसूली की गई है। जिसका श्रेय निगम अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों तथा सम्मानित जनता को भी जाता है। जिनके द्वारा जागरूक होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया गया है जो की सराहनीय है। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र की मॉनिटरिंग में हुए कार्यों की भी सराहना की गई। इसी क्रम में लगातार शहर हित में कार्यवाही किए जाने के निर्देश देते हुए टीम को मोटिवेट किया गया।

## सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने फीस निर्धारण पर दी सफाई

गाजियाबाद। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, गाजियाबाद ने फीस को लेकर जारी चचाओं के बीच स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि स्कूल अपने छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और 'उत्तर प्रदेश स्व-वित्तपोषित स्वतन्त्र विद्यालय शुल्क निर्धारण अधिनियम 2018 का सख्ती से पालन करता है। स्कूल प्रशासन ने कहा कि शुल्क निर्धारण की प्रक्रिया पूरी तरह अधिनियम के अनुरूप है और इसका उद्देश्य विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बनाए रखना है। यह फीस संरचना स्कूल में पढे वाले बच्चों को बेहतरीन शिक्षकों, संसाधनों और सुविधाओं का लाभ देने के लिए आवश्यक है। प्रशासन के अनुसार, अधिनियम की धारा 4 (2) के अनुसार, स्कूल को यह अधिकार है कि वह निर्धारित परिस्थितियों के आधार पर नए छात्रों के लिए शुल्क तय कर सके। अतः 2018-19 सत्र के बाद प्रवेश लेने वाले छात्रों से अपडेटेड शुल्क लिया जा रहा है, जो पूरी तरह से विधिसम्मत है।

# सभी वार्डों में पानी की व्यवस्था को बेहतर करने में जुटा निगम

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। नगर निगम लगातार पेयजल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगा हुआ है। सभी वार्डों में समय से पानी की आपूर्ति सुचारू रहे जलकल विभाग टीम मॉनिटरिंग कर रही है। ऐसे क्षेत्र जहां पर पेयजल की आपूर्ति में परेशानी आ रही है, वहां अधिक ध्यान देते हुए आवश्यकता को देखते हुए नलकूप लगाने की तैयारी भी विभाग द्वारा की जा रही है।

महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की निर्देश अनुसार नगर निगम जलकल विभाग द्वारा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए नलकूप लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिसमें विजयनगर तथा सिटी जोन अंतर्गत विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि वर्तमान में 1100 नलकूप पेयजल की आपूर्ति कर रहे हैं। जिसमें 300 नलकूप 15 से 30 एचपी के हैं और 800 नलकूप 10 एचपी के हैं। लगभग 6500 हैंड पंप गाजियाबाद नगर निगम के हैं। जिनसे शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति की जा रही है। सभी वार्डों में पानी की सप्लाई निरंतर हो कार्यवाही ग्राउंड लेवल पर चेक भी की जा रही है। जिसके लिए खराब नलकूपों को ठीक कराया जा रहा है और आवश्यकता को देखते हुए नए नलकूप लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। जिसमें वर्तमान में 10 से 15 नलकूप नये लगाने का कार्य विभाग कर रहा है। नेहरू नगर, लाजपत नगर, सेक्टर 9 विजय नगर, कुटी, जे ब्लॉक प्रताप विहार, राजनगर, रजापुर तथा वसुंधरा क्षेत्र में भी आवश्यकता को देखते हुए नलकूप लगाई जा चुके हैं। महाप्रबंधक जल द्वारा यह भी बताया गया कि नगर निगम सीमा अंतर्गत 30 एचपी के 34 सबमर्सिबल करने की कार्यवाही भी तेजी से चल रही है। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है।

## कलेक्शन एजेंट से 40 हजार रुपये की लूट

गाजियाबाद। गांव अमराला मार्ग पर मंगलवार दोपहर को बाइक सवार बदमाश कलेक्शन एजेंट से 40 हजार रुपये की नकदी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। मेरठ के थाना खरखौदा के गांव उलधन निवासी फरियाद एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। वह महिलाओं को दिए गए लोन की किस्त गांव–गांव जाकर एकत्र करते हैं। मंगलवार को वह गांव अमराला में किस्त लेने गए थे। दोपहर करीब एक बजे जब वह वापस आ रहे थे तो बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक को ओवरटेक करके रोक लिया और तमंचे के बल पर पैसे से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि प्रथम दृष्यता मामला संदिग्ध लग रहा है। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## मेला दिखाने के बहाने किशोरी का अपहरण करने का आरोप

गाजियाबाद। नंदग्राम थाना क्षेत्र में रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी को एक युवक मेला दिखाने के बहाने अपने साथ ले गया। किशोरी के परिजनों ने अपहरण का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दी है। पुलिस केस दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। नंदग्राम थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला का कहना है कि सोनू महतो उनकी 12 वर्षीय पुत्री को मेला दिखाने के बहाने अगवा कर ले गया और इस पूरे मामले में युवती समेत दो और भी लोग शामिल हैं। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार उन्होंने पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। थक–हारकर महिला ने नंदग्राम थाने में शिकायत दी। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा का कहना है कि शिकायत के आधार पर आरोपी युवक और दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी को सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

## गाड़ी हटाने को लेकर सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट

गाजियाबाद। नंदग्राम थानाक्षेत्र के सेवा नगर में सिक्योरिटी गार्ड के साथ दो बाइक पर आए युवकों ने गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले में सुरक्षा गार्ड घायल हो गया। पीड़ित ने नंदग्राम थाने में मामले की शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। सिहानी गेट थाना क्षेत्र स्थित पटेल नगर द्वितीय में रहने वाले गणेश पांडेय ने नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह सेवा नगर स्थित गर्ग ट्रांसपोर्ट पर सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करता है। रोजाना की तरह पांच अप्रैल की रात भी वह ड्यूटी पर मौजूद था। इस दौरान दो बाइक पर आए चार युवकों ने उसके साथ गाड़ी हटाने को लेकर विवाद किया। इस दौरान विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।
युवकों के हमले से वह घायल हो गया और मारपीट कर आरोपी फरार हो गए। नंदग्राम पुलिस का कहना है कि सिक्योरिटी गार्ड की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और दोनों वाहन के नंबर के आधार पर हमलावरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए यूपी पुलिस की टीम गाजियाबाद से केरल रवाना



वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। देशभर की पुलिस टीमों के बीच होने वाली ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन टीम मंगलवार को केरल के कोच्ची के लिए रवाना हो गई। यह प्रतियोगिता 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश पुलिस की यह टीम गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के निर्देशन में पिछले एक वर्ष से गाजियाबाद पुलिस लाइन में नियमित अभ्यास कर रही थी। टीम के मुख्य प्रशिक्षक वरुण पंवार के नेतृत्व में खिलाडि ?ों ने सीबीआई अकादमी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भी कड़ी मेहनत से अभ्यास किया। खिलाडि ?ों को उच्च स्तरीय सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त पीयूष सिंह, सहायक पुलिस उपायुक्त लिपि के पर्यवेक्षण में विशेष ध्यान दिया गया। इन सभी व्यवस्थाओं को गाजियाबाद पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बखूबी संभाला, जो स्वयं एक राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना को मिली रफ्तार, पात्र को ही मिलेगा लाभ

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। नगर निगम मुख्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 को लेकर मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने की प्रक्रिया को तेज करने की योजना बनाई गई। मौके पर एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव और पीओ डूडा संजय पथरिया मौके पर उपस्थित रहे। जिनके द्वारा तहसील की टीम निगम की टीम तथा डूडा विभाग की टीम को कार्यवाही की रफ्तार बढ़ाने की निर्देश दिए। साथ ही कार्य के समय प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर भी चर्चा की गई, बैठक में सभी जोन के जोनल प्रभारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी और नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्र को ही लाभ मिले, सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। सभी जोनल प्रभारी भी जोनवार अपनी टीम को डोर टू डोर भेज रहे हैं। जिनके द्वारा मौके पर मकान की स्थिति तथा पात्र और अपात्र की स्थिति को देखते हुए कार्यवाही की जा रही है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत ऑनलाइन 4890 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें विभागों द्वारा संयुक्त रूप से सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। एक सप्ताह के भीतर संयुक्त रूप से टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी दीपक मीणा और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की निर्देश अनुसार शहर में डोर टू डोर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की सत्यापन को लेकर रफ्तार से कार्य होता हुआ धरातल पर दिखाई दे रहा है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत मिलने वाला लाभ केवल पात्र को ही मिले मॉनिटरिंग अधिकारियों द्वारा बढ़ाई गई है। प्रतिदिन अधिकारी टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तेजी से कार्य कर रहे हैं।

# वातालीक सोसायटी में कुत्तों को भिड़े रेजिडेंट

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। वसुंधरा सेक्टर-4 सी इन दिनों कुत्तों को लेकर विवादों में घिरी हुई है। वहां आए दिन झगड़े हो रहे हैं। रात एक बच्चे पर डॉग्स के हमले से त्रस्त लोगों ने विरोध किया तो एक पक्ष लाठी डंडों लेकर सामने आ गया। काफी देर तक हंगामा होता रहा। जैसे तैसे लोग शांत हुए।

वसुंधरा सेक्टर 4 सी स्थित वातालीक अपार्टमेंट में आवारा कुत्तों से लोग त्रस्त हैं। कुछ लोग आवारा कुत्तों को खाना डालते हैं, जिससे वो वहां बैठे रहते हैं। कई बार ये कुत्ते वहां से गुजरने वाले लोगों पर हमला कर देते हैं और काट तक लेते हैं। कई बार इस विषय पर वहां विवाद होता रहता है। कॉलोनी के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की जानकारी में भी सारा प्रकरण है। लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका है। सोमवार रात फ्लैट नंबर 232 में रहने वाली रचना का बेटा राघव फ्लैट नंबर 336 में अपनी दादी के पास प्रसाद देने गया था। वापसी में वहां खुले में कुछ लोग खाना कुत्तों को डाल रहे थे। आवारा कुत्तों ने बच्चे पर भोंक कर हमला कर दिया। उसने शोर मचाकर जान बचाई। मां रचना और अन्य लोग पहुंचे और पड़ोस में रहने वाले लोगों से विरोध जताया। बस इसी बात पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोग लाठी और डंडे निकाल लिए। हंगामा होने पर कुछ लोगों ने बीच बचाव किया। पीड़ित पक्ष पुलिस में शिकायत दर्ज करने पर आमदा था।

# सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा बैठक



वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को ग्राम कुम्हेड़ा एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना की वर्तमान स्थिति और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। यूपीनेडा द्वारा जानकारी दी गई कि कैनरा बैंक ने 65 और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 72 लाभार्थियों के ऋण स्वीकृत किए हैं। अब तक 146 लाभार्थियों के घरों की छतों पर सोलर पैनल की स्थापना की जा चुकी है, जिनमें से 144 सिस्टम पूरी तरह इंस्टॉल हो चुके हैं। इनमें से 103 सिस्टम में स्मार्ट मीटर भी लगाए जा चुके हैं, जबकि शेष 356 मीटरों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। सीडीओ अभिनव गोपाल ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि सभी बैंकों के रीजनल ऑफिस से समन्वय स्थापित कर सम्बंधित अभिलेखों को समय पर पूर्ण कराया जाए ताकि सभी ऋण जल्द वितरित किए जा सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी अभिलेख फर्म एवं यूपीनेडा द्वारा चेकलिस्ट के साथ आरएम ऑफिस में उपलब्ध कराए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने यूपीनेडा को निर्देशित किया कि जिले में 500 सोलर रूफटॉप पावर प्लांट्स की स्थापना शीघ्र पूरी कराई जाए और नेट मीटरिंग का कार्य विद्युत विभाग से जल्द से जल्द संपन्न कराया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जनपद के सभी आरडब्ल्यूए, एओए और क्रियाशील सोलर वेंडर्स की संयुक्त बैठक आयोजित कर, उन्हें योजना की प्रक्रिया, लाभ और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जाए ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोग उठा सकें।

# राष्ट्रीय गुर्जर महासभा 13 अप्रैल को प्रधानमंत्री के आवास के लिए करेगा कूच

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रविंदर सिंह गुर्जर ने एक सशक्त और महत्वपूर्ण घोषणा की है, जिसने देशभर के गुर्जर समाज में हलचल मचा दी है। उन्होंने कहा कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में आगामी 13 अप्रैल 2025 को पूरे देश से लाखों की संख्या में गुर्जर समाज के लोग दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास की ओर कूच करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे।

यह आंदोलन न केवल गुर्जर समाज की एकजुटता का प्रतीक होगा, बल्कि यह भी दर्शाएगा कि समाज अपने नेताओं के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। यह घोषणा उस घटनाक्रम के बाद आई है, जिसमें लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को हाल के दिनों में कई विवादों का सामना करना पड़ा। खास तौर पर, लोनी में आयोजित एक धार्मिक आयोजन, भागवत कथा के दौरान निकाली गई कलश यात्रा को पुलिस प्रशासन द्वारा रोकने की कोशिश की गई थी। इस घटना में विधायक और पुलिस के बीच तनाव बढ़ गया, जिसके बाद नंदकिशोर गुर्जर ने प्रशासन पर हिंदू आस्था के अपमान और अपने समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। इस मामले ने गुर्जर समाज में आक्रोश पैदा कर दिया और इसे सनातन धर्म पर हमले के रूप में देखा जा रहा है। चौधरी रविंदर सिंह गुर्जर ने कहा, नंदकिशोर गुर्जर हमारे समाज के एक सम्मानित नेता हैं, जो सनातन धर्म और हिंदू आस्था की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उनके साथ जो अन्याय हुआ, वह पूरे गुर्जर समाज और सनातनी भावनाओं पर प्रहार है।

हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। राष्ट्रीय गुर्जर महासभा ने इस मुद्दे को लेकर एक बड़े आंदोलन की योजना बनाई है।

# बृज विहार मंडल ने चलाया घर-घर झंडा अभियान

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को घर-घर झंडा अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत बृज विहार मंडल अध्यक्ष नीरज रावल ने वार्ड 72, कौशांबी-वैशाली की पार्षद कुसुम गोयल के आवास पर भाजपा का झंडा फहराया। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी के मूल विचारों और संगठनात्मक शक्ति को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल, सुभाष शर्मा, संजय चौहान, अशोक राणा, विमला भट्ट, ममता त्रिपाठी, मिथिलेश, रेनू नेगी, शुभम सिंह, कैलाश गोयल, मंगल सिंह, राज सिंह, दुष्यंत गौतम, सुदन पाल यादव और त्रिलोक कुमार जैसे प्रमुख कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भाजपा के झंडे को फहराया और संगठन की मजबूती के लिए संकल्प लिया। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का घर-घर झंडा अभियान केवल एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारे संगठन की जड़ों को और मजबूत करने का प्रयास है। यह अभियान हर कार्यकर्ता को यह याद दिलाता है कि पार्टी की असली ताकत जनता से जुड़ाव में है। आज जब हम वार्ड 72 में झंडा फहरा रहे हैं, तो यह सिर्फ पार्टी का झंडा नहीं, बल्कि हमारी विचारधारा, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। मैं पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़ा के इस आयोजन को लेकर सभी कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और समर्पण की सराहना करता हूं। मंडल अध्यक्ष नीरज रावल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और स्थापना दिवस पखवाड़ा का यह अभियान इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। इस अभियान के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों से संवाद स्थापित किया और पार्टी की जनसेवा भावना को दोहराया।